26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 12 नवम्बर, 2025

अंक- 19 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

चिंगारी **गाड़ी की आवश्यकता है**

सांध्य दैनिक चिंगारी अख़बार के बण्डल बिजनौर से नगीना ले जाने के लिये गाड़ी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-

9927500730, 9759616366

# दिल्ली ब्लास्ट में सामने आया तुर्की कनेक्शन

## उमर और मुजम्मिल गए थे, टेलीग्राम ग्रुप में भी जुड़े थे

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। लाल किला के पास ब्लास्ट मामले की जांच में अब एक संभावित तुर्की कनेक्शन सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार डॉक्टर मॉड्यूल के दो सदस्य डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के पासपोर्ट से यह खुलासा हुआ है कि दोनों ने टेलीग्राम ग्रुप्स से जुड़ने के तुरंत बाद तुर्की की यात्रा की थी। एजेंसियों को संदेह है कि यह यात्रा आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है।**



सूत्रों ने बताया कि तुर्की से लौटने के बाद दोनों डॉक्टरों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय होने की योजना बनाई। जैश हैंडलर ने उन्हें निर्देश दिया था कि मॉड्यूल के सदस्य देशभर में फैल जाएं ताकि किसी एक जगह का फोकस न बने। इसी निर्देश के बाद उन्होंने फरीदाबाद, सहारनपुर और अन्य स्थानों को चुना। जांच एजेंसियों को शक है कि तुर्की यात्रा के दौरान ही इन दोनों को ऑपरेशन से जुड़े निर्देश मिले थे। यह भी जांच का हिस्सा है कि क्या उन्होंने वहां किसी विदेशी संपर्क से मुलाकात की या किसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया था। सूत्रों के अनुसार, जांच अब एक अहम मोड़ पर है और एजेंसियां जैश हैंडलर की पहचान के बेहद करीब पहुंच चुकी हैं। मामले से जुड़ी डिजिटल कम्युनिकेशन की गहराई से पड़ताल की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियां रेड फोर्ट क्षेत्र के मोबाइल टावर डेटा डंप का विश्लेषण कर रही हैं। यह डेटा 3 से 6:30 बजे तक का है-जब डॉ. उमर ने कथित रूप से आई-20 कार को बाहर निकाला था। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि उस दौरान उन्होंने किनसे संपर्क किया या कौन-से कॉल और चैट एक्टिव थे।

# बढ़ापुर में मिला हाथी के बच्चे का शव

## एक बीमार हाथी भी घूम रहा जंगल में

बढ़ापुर (चिंगारी)। बढ़ापुर रेंज की ढकरिया बीट में एक हाथी के बच्चे का शव मिला है। हाथी के बच्चे की मौत बीमारी या किसी अन्य कारणों से हुई, इसके लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जबकि इसी रेंज में एक अन्य व्यस्क बीमार हाथी भी घूमता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके शरीर में कीड़े रेंग रहे हैं। उक्त बीमार हाथी किसानों पर हमला भी कर रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार को रेंज की ढकरिया बीट में गश्त के दौरान वनकर्मियों को एक हाथी के बच्चे का शव मिला था, जिसकी उम्र 5 वर्ष बताई जा रही है। मृत हाथी के बच्चे के शरीर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। आज पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई है, जो मृत हाथी के बच्चे का शव का पोस्टमार्टम कर रही है। दूसरी ओर बढ़ापुर रेंज में ही एक अन्य बीमार हाथी के घूमने की क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। सूत्र बताते हैं कि उक्त बीमार हाथी के शरीर में कीड़े रेंग रहे हैं। बीमारी के चलते वह कमजोर हो गया और किसानों के पीछे हमला करने के लिए दौड़ रहा है। उक्त बीमार हाथी की वन विभाग द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। इस संबंध में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने बताया कि मंगलवार को बढ़ापुर रेंज में 5 वर्षीय हाथी के बच्चे का शव मिला था, जिसका पीएम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। रेंज में अन्य बीमारी हाथी के घूमने के संबंध में उन्होंने बताया कि बीमार हाथी को ट्रैक किया जा रहा है, जिसकी सूचना मिली है कि वह अब अपने झुंड में चला गया है।



फाइल फोटो।

**नजीबाबाद में हुई सनसनीखेज चोरी का खुलासा, 6 करोड़ का माल बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार**

खबर पेज 13 पर

**आवश्यकता है**

राजमिलन बैंकेट हॉल, बिजनौर के निकट स्थित एक क्लीनिक पर स्टाफ ( मेल ) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क करें- मो. 8394942102

**आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।**

अपना अस्पताल

**तत्सव हेल्थ केयर**

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

सम्पर्क सूत्र : 8279960281

**डॉ. शुभम अग्रवाल**

MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)

पूर्व चिकित्सक

शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ

MBBS, MS (ENT)

मिलने का समय :

सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक

शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ

MBBS, MD

मिलने का समय :

दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

**सुविधाऐं :**

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रेक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकिल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 13 नवम्बर 2025**

मेष- वाक्पटुता से कार्यों में सफलता, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, परोपकार में प्रवृत्ति, आर्थिक लाभ।

वृषभ- व्यक्तिगत समस्या का समाधान, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, हर्ष भी।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति का सिलसिला, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, समस्याएँ सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास।

कर्क- सुख शान्ति का अभाव, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, प्रियजनों से मतभेद, आय में न्यूनता, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसानदायक, यात्रा में परेशानी, धनहानि की आशंका।

सिंह- स्वास्थ्य सुधार पर, जिम्मेदारियों को निभाने में अधिक व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, धन संचय में प्रवृत्ति, राजकीय पक्ष से सहयोग, आर्थिक प्रगति, लाभ का सुयोग।

कन्या- विविध पक्षों में अनुकूलता, जीवन में उपलब्धि, मनो-विनोद के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, शत्रु परास्त, धर्म में आस्था, मन प्रसन्न।

तुला- व्यापार में विस्तार, अधिकारियों से सहयोग, आय के स्रोत, मित्रों से गलतफहमी दूर, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मानसम्मान में वृद्धि।

वृश्चिक- विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, सोचे हुए कार्य अधूरे।

धनु- स्वास्थ्य सुधार पर, कुछेक समस्याओं का समाधान, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, वाद-विवाद का समापन, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, मानसिक उत्साह।

मकर- कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक क्रियाकलापों में रुचि, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति, सुयश की प्राप्ति।

कुम्भ- समय शुभ,कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में रुचि।

मीन- योजना अधूरी, संकल्प-विकल्प से सफलता में शंका, स्पष्टवादिता घातक, अधी-नस्थ सहयोगियों से तनाव, विचारों में उग्रता, वाद-विवाद से कष्ट, विरोधी सक्रिय।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# बाघ के सामने से गुजर गया वन गूजर

## यह दृश्य देखकर पर्यटकों की सांसें थम सी गईं



बाइक पर गुजरता वन गुज्जर/नजदीक बैठा बाघ।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन से एक ऐसा रोमांचक दृश्य सामने आया, जिसने वहां मौजूद हर पर्यटक की सांसें थाम दीं। यह नजारा किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं था-जब एक वन गुज्जर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सीधे एक विशालकाय बाघ के सामने से गुजर गया, और बाघ शांत भाव से उसे देखता रह गया।

जानकारी के अनुसार पर्यटक अपने नेचर गाइड के साथ जंगल सफारी पर निकले थे। सभी जिप्सियां एक खुले क्षेत्र में खड़ी थीं, जहां घास के बीच एक बाघ आराम से बैठा हुआ था। अचानक दूर से बाइक की आवाज सुनाई दी। सबकी निगाहें उस दिशा में उठीं तो दिखाई दिया कि एक वन गुज्जर अपनी मोटरसाइकिल लेकर जंगल के रास्ते आ रहा है। जैसे-जैसे बाइक बाघ के करीब आती गई, पर्यटकों के दिलों की धड़कनें तेज हो गईं। कुछ क्षणों के लिए पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया। हर कोई सोच रहा था कि अब कुछ अनहोनी घट सकती है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि वह वन गुज्जर बिना किसी डर के, बाघ से कुछ ही फीट की दूरी पर बाइक लेकर गुजर गया और बाघ ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह दृश्य कुछ सेकंड का था, लेकिन उसमें छिपा रोमांच हर किसी के मन में बस गया। जिप्सियों में बैठे पर्यटक अवाक रह गए, किसी ने मोबाइल कैमरे में यह पल कैद किया, तो कोई भय और आश्चर्य के मिश्रण में जड़वत सा रह गया। बाद में नेचर गाइड ने बताया कि यह घटना फाटो जोन के भीतर हुई, जहां अक्सर वन गुज्जर अपने दैनिक कार्यों के लिए जंगल के रास्तों से गुजरते हैं। हालांकि, इस तरह का दृश्य बहुत दुर्लभ होता है, जब एक इंसान इतनी नजदीकी से बाघ के सामने से निकल जाए और बाघ शांत बना रहे। इस घटना ने एक बार फिर कॉर्बेट के जंगलों की रोमांचक दुनिया को उजागर किया है, जहां हर मोड़ पर प्रकृति, साहस और जोखिम का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

## नुमाइश में युवकों के दो गुटों में संघर्ष, दो युवक हुये घायल



घायल युवक का उपचार कराती पुलिस।

**नूरपुर (चिंगारी)।** नुमाइश देखने गए युवकों के दो गुटों में हुए संघर्ष में दो युवक घायल हो गये।

कस्बे के मोहल्ला हजरतनगर में चल रही नुमाइश में किसी बात को लेकर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए, दोनों के बीच धारदार हथियार चले। संघर्ष में दोनों गुटों के दो युवक घायल हो गए। घटना के सम्बंध में मोहल्ला मोहम्मदनगर निवासी साहिल पुत्र अनीस ने थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। आरोप है कि वह नुमाइश देखने गया था, तभी सामने से आ रहे सलमान पुत्र शब्बन ने उसके साथ गाली गलौच की, देखते ही देखते विवाद शुरू हो गया। सलमान ने अपने साथियों इमरान, चांद व कैफ के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। हमले में दोनों पक्षों से साहिल पुत्र अनीस व सलमान पुत्र सोबान निवासी मोहल्ला शहीदनगर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को रात में ही सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## प्यार में धोखा खाया तो 'बेवफा चाय' का आइडिया दिमाग में आया




**नहटौर (चिंगारी)।** नगर में इन दिनों एक चाय की दुकान चर्चा का विषय बन गई है। इस दुकान का नाम 'बेवफा चाय वाला' है। जिस शख्स ने यह चाय की दुकान खोली है उसका कहना है कि उसे प्यार में धोखा मिला, इसलिए उसने दुकान का नाम 'बेवफा चाय वाला' रखा। हालांकि, इस चाय वाले के दिल में प्रेमी जोड़ों के साथ ही प्यार में धोखा खा चुके लोगों के लिए खास प्रेम है। इस वजह से वह प्रेम में धोखा खा चुके लोगों को डिस्काउंट पर चाय पिलाता है। इतना ही नहीं यह चाय वाला दुकान पर आने वाले युवाओं को प्यार के चक्कर से दूर रहने और अपने माता-पिता की बात मानने का संदेश भी देता है। मौहल्ला हाथी वाला मंदिर निवासी विकास तोमर ने चाय की दुकान खोली है। इस दुकान का नाम उसने 'बेवफा चाय वाला' रखा है। इस दुकान का नाम लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। लोग दुकान की ओर खींचे चले आते हैं। लोग चाय के स्वाद की तारीफ भी करते हैं। वैसे इससे पहले भी प्यार में धोखा खा चुके लोगों ने इन नामों से मिलती-जुलती दुकानें खोली हैं। यह चाय की दुकान अपने नाम की वजह से चर्चा में है। विकास अपने भाई विवेक के साथ बेवफा चाय का स्टाल लगाकर कार्य कर रहे हैं। विवेक ने बताया कि वह प्रेम के चक्कर में इंटर की परीक्षा में दो बार फेल हुआ है। प्यार में धोखा मिला और कैरियर भी चौपट हुआ, जिसके बाद बेवफा चाय का स्टॉल लगाने का आइडिया आया।

### नसीहत भी देते हैं

**प्रेमी जोड़ों और प्यार में धोखा खाए लोगों को 10 रुपये में चाय पिलाते हैं। विकास युवाओं से अपने कॅरियर पर फोकस करने और प्रेम के झमेले से दूर रहने की नसीहत भी देते हैं। वह युवाओं से अपील करते हैं कि वे लोग ऐसा न करें। वे युवाओं को अपने माता-पिता की बात मानने और उनकी सेवा करने की सलाह देते हैं।**

गाड़ी से नकदी व पायल चुराई कबाड़ी को भी हजारों की चपत लगाई ( पेज 6 )



# वन से निकलकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे हाथी, अफरा-तफरी मची

**अफज़लगढ़ ( चिंगारी )।** कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे कालागढ़ क्षेत्र में मंगलवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो जंगली हाथी अचानक मुख्य मार्ग पर आ गये। हाथियों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार, दिन ढलते ही दो जंगली हाथी कालागढ़ के मुख्य मार्ग पर स्थित सूखा सोत पुल के करीब पहुंच गए। लगभग आधे घंटे तक दोनों हाथी वहीं डटे रहे। इस दौरान लोग पुल से खड़े होकर मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। शोरगुल बढ़ने पर दोनों हाथी खेतों की ओर मुड़ गए और वहां काफी देर तक ठहरे रहे। किसानों भीम सिंह, मूला सिंह और आसिफ अंसारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से हाथी उनके खेतों में आकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों ने मिलकर किसी तरह दोनों हाथियों को खेतों से खदेड़ा। इसके



बाद हाथी सड़क से होते हुए झंडा चौक की तरफ बढ़ गए। झंडा चौक पर पहुंचने के बाद एक हाथी काफी देर तक मुख्य चौराहे पर खड़े रहे, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। लोग डर के मारे अपनी जगह रुक गए। गनीमत रही कि हाथियों ने किसी व्यक्ति या दुकान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। सूचना मिलते ही वन विभाग के आरओ कालागढ़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने भीड़ को हटाकर हाथियों के लिए रास्ता साफ कराया, जिसके बाद दोनों हाथी भवन मार्ग से होते हुए जंगल की ओर लौट गए। वन अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि हाथी या किसी भी वन्यजीव के दिखने पर उनसे दूरी बनाए रखें और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। प्रत्यक्षदर्शियों फय्याज अंसारी, शालू अग्रवाल, इरशाद, आमिर, सोनू, रहीश अहमद, जयप्रकाश और आरिफ ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब हाथी कालागढ़ के मुख्य चौक तक पहुंचे हों। इससे पहले भी कई बार हाथी यहां आकर लौट चुके हैं।

# गणेश गोदियाल बने उत्तराखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष

## प्रीतम सिंह प्रचार समिति के अध्यक्ष, हरक सिंह चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष नामित



**देहरादून ( चिंगारी )।** कांग्रेस पार्टी ने 2027 में होने वाले उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव की बिसात पर गोट बिछानी शुरू कर दी है। इसी के तहत गणेश गोदियाल को उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नामित किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी की प्रचार समिति और चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दिल्ली में जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रीतम सिंह प्रचार समिति के अध्यक्ष और डा. हरक सिंह रावत चुनाव समिति के अध्यक्ष होंगे। निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा को कांग्रेस कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

# मामा के यहां देहरादून चली गई थी रमा देवी

## पुलिस व परिवारवालों ने राहत की सांस ली

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल सुबह घर से कूड़ा डालने गई महिला जो गायब हो गई थी, वह कल रात अपने पति के साथ सकुशल थाने पहुंची, जिससे पुलिस और गांव वालों ने राहत की सांस ली। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम शाहपुर सुक्खा की रमादेवी कल सुबह 6:00 बजे घर से बाल्टी में कूड़ा भरकर कूड़ी पर डालने गई थी और वहीं से गायब हो गई थी। थोड़ी देर बाद गांव में यह अफवाह उड़ गई कि रामा देवी को गुलदार उठा ले गया लेकिन कोई निशान नहीं मिलने पर पुलिस व वन विभाग और गांव वालों ने घंटों महिला को तलाश किया, मगर नहीं मिली। शाम को पता चला कि महिला देहरादून में है। यह पता चलने पर गांव वालों और पुलिस ने राहत की सांस ली। रात को महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची। उसने बताया कि वह देहरादून में रह रहे अपने मामा के यहां चली गई थी। सूत्रों से पता चला है कि पारिवारिक कलह के चलते महिला घर से चली गई थी। कार्यवाहक थाना प्रभारी कांति प्रसाद शर्मा ने बताया महिला को उसके पति के सुपुर्द कर घर भेज दिया।


DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



वैधानिक सूचना
पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -





फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## सरकारी योजनाएं और स्वास्थ्य

2014 में केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बाद देश भर के गांवों और शहरों में करोड़ें शौचालय बनाए गए, जिससे खुले में शौच की समस्या में कमी आई। इसके कारण बीमारियां भी घटीं और हर साल लगभग 70,000 शिशुओं की जान बच रही है। महिला-केंद्रित 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं ने लिंग अनुपात को बेहतर किया और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया जबकि डिजिटल हेल्थ टूल्स और आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर गांव-गांव तक जांच ऑनलाइन परामर्श और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। इन सभी प्रयासों ने मिल कर ऐसा माहौल बनाया है जहां नागरिक अधिक स्वस्थ हैं, परिवारों की बचत सुरक्षित रहती है और कार्यबल अधिक विश्वसनीय और कुशल बनता है। यूनिसेफ के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन से हर ग्रामीण परिवार को सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत होती है। इन सुधारों के पीछे की आर्थिक सोच बेहद महत्वपूर्ण है। पहले भारत में स्वास्थ्य पर खर्च बहुत अधिक था। 2013-14 में यह कुल खर्च का 645 था लेकिन 2021-22 तक घट कर 395 रह गया। यह बदलाव मुख्य रूप से बीमा योजनाओं, सस्ती दवाओं और स्वच्छता सुधारों के कारण संभव हुआ। बीमारियों पर कम निजी खर्च का मतलब है परिवारों की अधिक बचत, ज्यादा उपभोग और औपचारिक वित्तीय तंत्र में बेहतर भागीदारी। स्वच्छ पेयजल, बेहतर शौचालय और मां-बच्चे का पोषण जैसे रोकथाम संबंधी उपाय भी वही लाभ देते हैं, जिन्हें अर्थशास्त्री 'बाहरी प्रभाव' कहते हैं यानी ऐसे लाभ जो प्रत्यक्ष प्राप्तकर्ता से आगे तक पहुंचते हैं। कम बीमार पड़ने से किसान, मजदूर और दफ्तर के कर्मचारी नियमित रूप से काम पर जाते हैं। जो बच्चे कुपोषण और थकावट से बचते हैं, वे स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। बड़े होकर अधिक कमाई वाले वयस्क बनते हैं। यहां तक कि शहरों के नियोक्ताओं को भी फायदा होता है क्योंकि स्वस्थ प्रवासी मजदूरों से काम में स्थिरता रहती है। आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा कवरेज ने निजी क्षेत्र के निवेशकों भी बढ़ावा दिया है। अब अस्पताल, लैब और स्टार्ट-अप्स उन जिलों में भी काम शुरू कर रहे हैं, जिन्हें पहले नजरअंदाज किया जाता था।


# उर्दू ज़बान नहीं, इसी धरती पर पैदा हुई भाषा है!



**विश्वास गिरि**
मो.9456068262, 8077178190

रोजमर्रा की जिंदगी में हालांकि हर आम-ओ खास व्यक्ति साधारण बोलचाल में उर्दू भाषा का इस्तेमाल अधिक करता है, परन्तु अफसोस कि इस गंगा-जमुनी तहजीब वाली भाषा को लिखने-पढ़ने वाले लोग बिरले ही रह गए हैं। कुछ लोग तो उर्दू भाषा को भाषा न मानकर ज़बान ही मानते हैं। यह क्या विडम्बना है। अनेक लोग उर्दू को मुसलमानों की भाषा बताते हैं, लेकिन मेरा यह मानना है कि उर्दू भाषा तहजीब की पर्याय है। बातचीत में उर्दू भाषा में जो लज्जत झलकती है वो किसी अन्य भाषा में नहीं। यहां एक शेर मेरे जेहन में आ रहा है। शायर कहता है कि 'वो जिसको बोलते हैं सब लिखता नहीं कोई, जनाबे मीर भी कैसी जबान छोड़ गए हैं।' यह वाकई में सही है कि हिंदी अन्य सभी भारतीय भाषाओं की जननी यानी मां है। हिन्दी को मां का दर्जा प्राप्त है, तो अभाविक तौर पर उर्दू उसकी बेटी हुई। सही तो फिर यह भी क्या सच होना चाहिए कि बेटी-मां की तुलना में ज्यादा हसीन होती है। बस इसी नजरिए से उर्दू भाषा को देखिए और परखिये उर्दू की एहमियत को।

यहां यह भी उल्लेख करना चाहूंगा कि अदालती कामकाज एवं जमीन जायदादों की खरीद-फरोख्त से संबधित अभिलेखों में उर्दू के लफ्जों का अधिक इस्तेमाल होता है। पानी को कोई जल कहकर नहीं मांगता, पेशाब करने को कोई लघुशंका करना नहीं बोलता। सुबह होने पर बहुत ही कम लोग होंगे जो प्रात:काल कहते होंगे। शाम को संध्या होना कोई-कोई कहता होगा। खाना खाने को कोई-कोई ही भोजना करना बोलता होगा। किताबों को बिरले लोग पुस्तक या अखबारों को कितने लोग समाचार पत्र कहते हैं। इन उदाहरणों के जरिये कहने का तात्पर्य यह है कि हम लोग हिंदी से कहीं ज्यादा उर्दू भाषा के प्रचलित शब्दों का प्रयोग साधारण बातचीत में करते हैं। बस इसी से उर्दू भाषा (ज़बान) के महत्व को समझा जा सकता है।





महाराष्ट्र राज्य से संबंधित एक मामले में सुनाए गये सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में उर्दू को गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन नमूना बताया गया है और उर्दू को इसी धरती पर पैदा हुआ माना है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानना विविधता में एकता के लिए दुखद है। फैसले को विस्तारित करते हुए संस्कृति है। भाषा किसी समुदाय और उसके लोगों की सभ्यागत यात्रा को मापने का पैमाना है। उर्दू का मामला भी ऐसा ही है। हमें अपनी विविधता, जिसमें हमारी अनेक भाषाएं भी शामिल हैं, उनका सम्मान करना चाहिये।

औपनिवेशिक शक्तियों ने धर्म के आधार पर दो भाषाओं को विभाजित करके फायदा उठाया। हिंदी को हिंदुओं तथा उर्दू को मुसलमानों की भाषा समझा जाने लगा, सार्वभौमिक भाईचारे के लिए गलत है। भाषा विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम होती है। जो विभिन्न विचारों और विश्वास वाले लोगों को करीब लाती है। यह उनके विभाजन का कारण नहीं बनना चाहिए। महाराष्ट्र के अकोला जिले के पातुर से उर्दू भाषा से संबंधित दर्ज एक मामले में फैसला सुनाने के बाद अदालत ने अपनी ओर जो टिप्पणी की वह वास्तव में दिल को छू देने वाली है। हमारी ताकत कभी हमारी कमजोरी नहीं हो सकती। आइए हम उर्दू सहित हर भाषा से दोस्तीं करें। अगर उर्दू खुद बोलती तो वह कहती उर्दू मेरा नाम है। मैं खुसरो की पहेली हूं। अपने पूर्वाग्रह के लिए मुझे मत पकड़ो, मैंने कभी खुद को मुसलमान नहीं माना था।

# अल्कलाइन पानी, अच्छा स्वास्थ्य यानी!

आज आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन साथ ही गंभीर बीमारियों का ख़तरा भी बढ़ा दिया है। शहर से गांव तक, हर जगह लोग डायबिटीज, कैंसर, किडनी, हार्ट और पाचन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बड़ी बात यह है कि जब तक बीमारी की जड़ नहीं समझी जाएगी, तब तक हम सिर्फ इलाज पर खर्च करते रहेंगे, पर स्वास्थ्य नहीं पा सकेंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मनुष्य के बढ़ते रोगों की असली वजह पर्यावरण और हमारे आस-पास के संसाधनों की गुणवत्ता है।



### भोजन में हाई लेवल पेस्टीसाइड

आज बाजार में उपलब्ध फल, सब्जियों और अनाज में रासायनिक कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। खेती में इस्तेमाल होने वाले ये रसायन धीरे-धीरे शरीर में जमा होकर रोगों का कारण बनते हैं।

### हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ा

औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और धूल-इन सबने सांस की बीमारियों, एलर्जी, अस्थमा और फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों को तेजी से बढ़ाया है। हर मौसम में बिगड़ती एयर क्वालिटी का असर शरीर पर सीधे पड़ रहा है।

### पानी भी शुद्ध नहीं

गांवों में हैण्डपम्प और तालाबों का पानी दूषित हो रहा है। शहरों में क्लोरीन, जंग लगी पाइपलाइन और केमिकल मिश्रित पानी कई तरह की बीमारियों को जन्म दे रहा है।

### समाधान क्या ?

सबसे आसान रास्ता शुद्ध और अल्कलाइन पानी

भोजन और हवा को शुद्ध करना आम नागरिक के बस में नहीं, लेकिन पानी को शुद्ध और अल्कलाइन बनाना आज संभव और आसान समाधान है।

चिकित्सक बताते हैं कि अल्कलाइन पानी हमारे शरीर की अम्लता कम करता है, पाचन शक्ति बढ़ाता है, इम्यून सिस्टम मजबूत करता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालता है। नियमित रूप से शुद्ध एवं अल्कलाइन पानी पीने से एसिडिटी और गैस की समस्या में राहत, किडनी और लिवर बेहतर काम करते हैं, शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत तेज होती है, ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### लोगों में बढ़ रही जागरुकता

स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि यदि परिवार सिर्फ पानी पर ध्यान दे ले, तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। बाजार में अब अल्कलाइन वॉटर मशीनें और आधुनिक शुद्धिकरण तकनीक आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे लोग अपने घरों में सुरक्षित पानी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### निष्कर्ष

जब तक आम नागरिक यह नहीं समझेंगे कि रोजमर्रा के भोजन, पानी और हवा हमारी सेहत पर सबसे बड़ा प्रभाव डालते हैं, तब तक बीमारियों की चपेट से बाहर निकलना मुश्किल है। भोजन और हवा को बदल पाना कठिन है, लेकिन शुद्ध और अल्कलाइन पानी अपनाकर हम बीमारी से लड़ने की एक बड़ी शुरुआत कर सकते हैं।

**रामनाथ सिंह**
जिला उपाध्यक्ष इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, जनपद बिजनौर

# बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन का अधिष्ठापन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट विजिट कार्यक्रम बिजनौर के अन्य क्लबों के साथ सहारनपुर से आई डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एवं अनुभा सिंघल के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। शहर के एक सुसज्जित सभागार में यह कार्यक्रम गंगा, यमुना, सरस्वती एवं भागीरथी नदियों के संगम की थीम पर चार क्लबों के संगम में कन्वीनर कल्पना त्यागी एवं अन्य के संचालन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अनुभा सिंघल, चीफ एडवाइजर निशि जैन, कैबिनेट एडवाइजर अरुणा मित्तल, एलीट एडवाइजर खुशबू कर्णवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनुश्री अग्रवाल एवं डि. कोषाध्यक्ष ममता सिंघल का गुलदस्तों, फूलों एवं ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेन क्लब की सदस्य एवं प्रोजेक्ट हेड सीमा अग्रवाल द्वारा शानदार गणेश वंदना से हुआ। इंस्टालेशन



आफिसर अरुणा ने नई अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी एवं ट्रेजरार नीतू अग्रवाल का अधिष्ठापन, क्लब के लोगों की पिन लगाकार एवं माला पहनाकर किया। दीक्षा समारोह में खुशबू कर्णवाल ने नये सदस्यों डा. मीना त्यागी, छवि कौशल, डा. प्रिया कोठारी, एकता ग्याती, पूनम अवस्थी, रेखा अग्रवाल का गोल्डेन लायनेस क्लब मेन से जुड़ने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन गुंजन गोयल, जोन चेयरपर्सन विनीता राजपूत एवं पूर्व अध्यक्ष अर्चना राजपूत, डि. मेंटोर रमा महेरोत्रा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके बाद सभी कमेटी चेयरपर्सन, मुख्य रूप से अर्चना राजपूत एवं सुनीता सिंह को सेक्रेटरी विनीता रघुवंशी ने गिफ्ट एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गोल्डेन लायनेस क्लब मेन द्वारा दो प्रोजेक्ट्स आर्य सुगंध दिव्यांग संस्थान में बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनवाना एवं 33 निम्न व निर्धन बच्चों को स्कूल बैग, जूते-मौजे एवं टिफिन देना रहा।

# मॉडर्न एरा स्कूल में हुआ 'क्लाश शो'

**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के Valley Of Flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उसके बाद स्वर्ग से सुंदर देश हमारा ग्रुप सॉन्ग, जिगरा रे ग्रुप डांस, सोलो डांस राम आयेंगे, बैंड टीम का प्रदर्शन, सोलो सॉन्ग तेरी उंगली पड़कर चला, ग्रुप सॉन्ग गीत गा रहे हैं आज, फैंसी ड्रेस शो, गढ़वाली डांस तथा हिंदी लघुनाटिका सोशल मीडिया, कविता पाठ, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों में से ही कुछ अभिभावकों को जजों के रूप में स्थान दिया गया। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की। समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, हिना, सीमा नाहिद, इकरा, मदीहा, गीता खन्ना, फरहीन, संजना, निधि एवं पारुल का पूर्ण सहयोग रहा।



# दिल्ली ब्लास्ट के कारण धरना स्थगित किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट में बेकसूर लोगों की मौत हो गई, जिससे देश भर में शोक का माहौल है। जिसके कारण 11 नवम्बर को धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट में मरे लोगों की आत्माओं की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। इस दुःख की घड़ी में एकजुट होकर आतंक के खिलाफ खड़े हैं।



# बिजनौर ने जीता तीसरे दिन का मैच

**बिजनौर (चिंगारी)।** यूपीसीए के तत्वावधान में और बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा बिजनौर में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मंगलवार का मैच बिजनौर व नगीना के बीच खेला गया। बिजनौर यूए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 287 रन बनाए, जिसमें प्रिंस ने 139, क्रिशपाल ने नाबाद 43, शुलभ ने 39 रन बनाए। नगीना की ओर से फैज, आरिश, निशांत ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में नगीना की टीम 30 ओवरों में 7 विकेट खोकर 224 रन ही बना सकी, जिसमें आरिश ने 71, फैज ने 51 रन बनाए, बिजनौर की ओर से अंश ने 4, हर्षित ने 1 विकेट लिए। मैच के दौरान ही दुखद सूचना मिली कि एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नागेन्द्र सारस्वत की माता जी का स्वर्गवास हो गया है तो सभी खिलाड़ियों व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अंपायर अमित कुमार और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा राजकुमार, नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, दीपक भटनागर, कपिल शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, हिमांशु, इकबालुदीन, दिलशाद, तुषार मालिक, परोपकार, नासिर आदि उपस्थित रहे।



# फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की




**बिजनौर (चिंगारी)।** बालीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले हिन्दी फिल्मों के सुपर स्टार धर्मेन्द्र के स्वास्थ्य को लेकर उनके प्रशंसकों में बेचैनी बनी रही। कुछ टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर धर्मेन्द्र के बारे में भ्रामक खबरों से लोगों में बेचैनी रही। अभिनेता धर्मेन्द्र के स्वास्थ्य लाभ के लिए उनके प्रशंसकों ने प्रार्थना/दुआ की। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में धर्मेन्द्र के प्रशंसकों ने नगर के पंचमुखी मंदिर पहुंचकर उनके शीघ्र स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी स्टार राहुल चौधरी, भाजपा नेता विजयदीप चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

# सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला में श्याम पट्ट कौशल की बारीकियों को समझाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा कॉलेज बिजनौर के शिक्षा विभाग में मंगलवार को उत्साह के साथ सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ़ साइन्स की प्राचार्या डॉ.सीमा शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन का प्रारंभ प्रवक्ता सुनील कुमार चौहान ने उद्दीपन परिवर्तन कौशल के साथ किया। सबसे पहले उन्होंने पीपीटी के माध्यम से उद्दीपन परिवर्तन कौशल पर व्याख्यान दिया, बाद में इसके एक-एक घटक को उदाहरण के साथ समझाया गया एवं स्वयं पाठ योजना के माध्यम से करके दिखाया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भी उद्दीपन परिवर्तन कौशल पर आधारित अपने-अपने विषय की पाठ योजना बनाकर भूमिका निर्वाह शिक्षण के द्वारा अभ्यास किया। कार्यशाला में बी.एड. के विभाग अध्यक्ष एम.एस.अंसारी ने पाठ प्रस्तावना कौशल एवं श्यामपट्ट कौशल की बारीकियों को समझाया तथा अपने विषय पर एक पाठ योजना को बनवाकर सूक्ष्म शिक्षण के माध्यम से अभ्यास कराया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन को सफल बनाने में सुनील कुमार, सुश्री प्रतिमा एवं श्रीमती अंशिका राव का विशेष योगदान रहा।



# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता, हार्दिक ने प्रथम पुरस्कार जीता






**नहटौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'अवसर या खतरा' विषय पर छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किये। मंगलवार को स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों ने बड़े ही प्रभावशाली ढंग से विचारों को प्रस्तुत किया। एक पक्ष में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया, तो वहीं दूसरे पक्ष ने इसके लाभों को भी उजागर किया। निर्णायक मंडल के अनुसार हार्दिक ने प्रथम स्थान, नैंसी त्यागी ने द्वितीय और वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विचारों की सराहना की और उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं से प्रगति की सोच को बढ़ावा मिलता है।

## आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हल्दौर के सभागार में 'जलवायु परिवर्तन/ जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्धन' विषयक जनपद स्तरीय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में जनपद के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी भाग ले रहे हैं। शिविर में डॉ. कोमल जुगलान राज्य स्तर प्रशिक्षक ने आपदा प्रबंधन से संबंधित अवधारणाएं, आपदा के प्रकार, आपदा के समय और बाद में क्या करें क्या न करें तथा मास्टर ट्रेनर पंकज ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर वार्ता की। इनके अलावा पशु चिकित्सा अधिकारी हल्दौर ने आपदा का पशुधन पर प्रभाव तथा इससे वचाव आदि पर जानकारी दी। शिविर में डॉ. विकास, डॉ. मंजूसा गुप्ता, आशुतोष, कृष्ण कुमार तथा विवेक आदि भाग ले रहे हैं।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए।

## इनको 'भारत रत्न' दो!

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जनशक्ति दल कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फूले को भारत रत्न दिये जाने की मांग की। मंगलवार की दोपहर को जनशक्ति दल के प.उ.प्र. के अध्यक्ष रामकुमार सैनी व जिलाध्यक्ष खजान सिंह सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व महिला शिक्षा की जनक माता सावित्री बाई फुले को भारत रत्न दिये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में खजाना सिंह, रामकुमार सैनी, कावेन्द्र सिंह सैनी, दिनेश कुमार सैनी, नरदेव सिंह, जीत सिंह सैनी, सुखबीर सिंह सैनी, भीम सिंह सैनी, राकेश सैनी, दिलावर सिंह, रोहित सिंह सैनी, प्रीतम सिंह सैनी, विजय सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान संदिग्धों पर रखा जा रहा ध्यान

**नहटौर ( चिंगारी )।** दिल्ली में हुए कार धमाके की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जारी अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस ने नगर के विभिन्न स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत संघन तलाशी ली गई। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने सोमवार की रात को रोडवेज बस स्टैंड, हल्दौर चौराहा पर संचालित रेस्टोरेंट पर पहुंचकर सघन तलाशी ली। युवकों से पूछताछ की। दुकान संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मार्गों पर चलने वाले चार पहिया वाहनों की भी उन्हें रोककर चैकिंग की गई। युवकों को समय से घर पहुंचने की दिशा निर्देश दिए। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि दिल्ली में हुए कार धमाके की घटना को लेकर नगर में सघन अभियान चलाया गया, जिसमें रोडवेज बस स्टैंड, चाय रेस्टोरेंट, होटल, मार्गों से गुजरने वाले चार पहियों की वाहनों की चैकिंग की गई।

## शिविर में 200 की जांच की



**चांदपुर ( चिंगारी )।** हंस फाउंडेशन हास्पिटल हरिद्वार की ओर से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग दो सौ लोगों की जांच की गई तथा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं तथा 15 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये गये। श्री बालाजी धाम अजदेव में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने रोगियों की आंख, कान, नाक व गले की जांच की तथा बीमारी से बचाव हेतु रोगियों को आवश्यक सुझाव भी दिये। शिविर में दीपक नाथ, अरूण कुमार शर्मा, तरूण शर्मा, महेश कुमार, शिवकुमार यादव, सोनू उपाध्याय, राजू उपाध्यक्ष आदि का सहयोग रहा।

## गाड़ी से नकदी व पायल चुराई कबाड़ी को भी हजारों की चपत लगाई

**नहटौर ( चिंगारी )।** घर के बाहर खड़ी गाड़ी से हजारों की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए गये। इसके अलावा ग्राम फजलपुर मंडोरी में घर के बाहर खड़ा ट्रिपलर चोरी कर लिया। ग्राम फजलपुर मंडोरी निवासी कृष्ण पुत्र नौबहार सिंह ने बताया कि खाली पड़ी जमीन में ट्रिपलर खड़ा हुआ था, जिसे रविवार की रात्रि को चोरी कर लिया गया। इसके अलावा रविवार-सोमवार की रात्रि को मोहल्ला जोशियान में आयोजित शादी कार्यक्रम में दिल्ली से इंतजार पुत्र फैजान अपने परिवारजनों के साथ आया था, वह गाड़ी से उतरकर सीधे अपने घर चले गए और सामान गाड़ी में ही रखा रह गया। गाड़ी का लॉक खोलकर चोरों ने बैग में रखी दस हजार की नकदी और चांदी की पायल आदि चोरी कर लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा नहटौर-नूरपुर स्थित वीके इंटरनेशनल स्कूल के सामने नासिर हुसैन पुत्र नजरुद्दीन की कबाड़ की दुकान में कुंबल लगाकर एक इनवर्टर बैट्रा, तांबा, पीतल, सिल्वर, लोहे व 10 हजार रुपए की नकदी चुरा ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।




## धमाके में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिल्ली में हुए बम धमाके में मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने दिल्ली में हुए बम धमाके की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए इस दु:खद घटना को शांति और मानवता पर हमला बताते हुए केन्द्र सरकार से घटना में शामिल लोगों को कठोर सजा दिये जाने की मांग की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने बम धमाके में मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## गन्ने का भाव पर्ची पर अंकित करने की मांग



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक में गन्ने की पर्ची पर मूल्य अंकित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। बैठक में किसानों का उत्पीड़न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

मंगलवार को नहटौर ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नलकूपों पर विद्युत आपूर्ति दिन के समय में की जाए, साथ ही निराश्रित घूम रहे गौवंश को प्रशासन जल्द से जल्द पकड़े। अर्ली गन्ने के नाम पर मिल प्रशासन द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। यदि उन्होंने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। समस्याओं को लेकर उन्होंने ज्ञापन खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह को सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, अतेंद्र चौधरी, मुकेश शर्मा, रोहित राणा, रितेंद्र चौधरी, रोहित डबास, पदम सिंह, बृजपाल सिंह, वरुण चौधरी, संजीव चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, जैनेंद्र सिंह, खानचंद, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, नौबहार सिंह, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ‘शिक्षा में नवाचार’ संबंधी मॉडल व चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट किरतपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर ‘शिक्षा में नवाचार’ से संबंधित मॉडल और चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुस्लिम फंड बसी किरतपुर के सदर, महाविद्यालय के मैनेजर मौहम्मद साईम राजा व प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि अब्दुल कलाम आजाद हमारे प्रेरणा स्रोत हैं और इस दिवस को मनाने का उद्देश्य तभी पूर्ण होगा जब हम अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ सकें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अच्छे शिक्षक बनकर समाज को शिक्षित करने का काम करें और अच्छे अध्यापक बनने हेतु शिक्षा में नवाचार का अत्यधिक प्रयोग करना होगा। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने कहा कि निरंतर प्रयास से ही आप अपने व्यक्तित्व एवं कार्यशैली का विकास कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. बेगराज यादव ने कहा कि हम अपनी शिक्षा पद्धति में नवाचार का प्रयोग कर शिक्षण को प्रभावशाली बना सकेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने शिक्षा में नवाचार का प्रयोग करते हुए बहुत ही आकर्षक, मनमोहक व ज्ञानवर्धक मॉडल बनाए। मॉडल बनाने वालों में आकृति, अपेक्षा, गुलअफशा, गुलनाज, हिमानी, नेहा, सफीना, तबस्सुम, इशरा, मंतशा, भावना, अदीबा, कहकशा, गुलसबा, रिंकी, अफशा, रिहाना, गोरी, भूमिका, प्रीति, महविश, फरहीन, गुंजन, आरती आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर डॉ. शमशाद हुसैन, डॉ. अनुज राजपूत, डॉ. चारू बंसल, दानिश परवेज, उजमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन बिरेंद्र सिंह, मौ. रिहान, नशरा रहमान, इरम शाहिद का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मौहम्मद साईम राजा ने व संचालन डॉ. बेगराज यादव ने किया।

# ‘गुलाबी ठंड’ शुरू

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पिछले 3-4 दिनों में मौसम ने तेजी से करवट बदली है। रात्रि में मौसम में अच्छी ठंडक आ गई है। देर शाम से सुबह देर तक ‘गुलाबी ठंड’ का प्रभाव रहता है। रात्रि में या सुबह को दुपहिया वाहनों पर चलते हुए गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। संदूकों, अलमारियों में और बैड के अंदर रखे गर्म कपड़े एक-एक करके बाहर निकलते जा रहे हैं। कुछ लोगों ने लिहाफ भी निकाल लिये हैं। आज सुबह तो मौसम में काफी ठंडक थी। लोग घंटों तक धूप सेंकते दिखाई दिये। ठंड बढ़ी तो गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। दुकानदारों ने गर्म कपड़ों की नई-नई वैरायटी सजा ली हैं। ऊन भी बिकने लगी है। उधर गुलाबी ठंड में लापरवाही भारी पड़ सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि देर शाम से सुबह सवेरे तक कहीं बाहर जाना हो, विशेषकर दुपहिया वाहन पर सवार होकर जाना हो, तो पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें। यदि कोई व्यक्ति इसमें लापरवाही बरतता है, तो उसकी तबीयत खराब हो सकती है।

## अंडे के दाम बढ़े

**गुलाबी ठंड शुरू होते ही अंडों की बिक्री में जबरदस्त उछाल आ गया है। जहां बाजारों में लोग ठेलियां लगाकर अंडा, आमलेट बेच रहे हैं, वहीं तमाम लोगों ने अपने घरों के सामने ही अंडे बेचने शुरू कर दिये हैं। गांवों में ज्यादातर परचून की दुकान वाले भी अंडे बेचते हैं। बताया कि ठंड बढ़ते ही अंडे की बिक्री में तेजी से उछाल आया है। मूंगफली, बादाम की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है।**

# दुष्कर्म के दो मामलों के दो आरोपी पकड़े गये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को दबोचा, जबकि दूसरे मामले में शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है।

पहला मामला थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोमिनपुर दरगो का है। 03 नवंबर 2025 को एक युवती ने तहरीर दी थी कि नीरज पुत्र श्यामबहादुर ने उसके साथ गलत काम किया और उसकी फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी नीरज पुत्र श्यामबहादुर निवासी ग्राम मोमिनपुर दरगो शहर कोतवाली को रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन जो घटना में प्रयुक्त हुआ था सहित गिरफ्तार किया।

दूसरे मामले में 07 नवंबर 2025 को पीड़िता ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी थी कि आरोपी ग्राम चाहड़वाला थाना मंडावर निवासी हरिसिंह पुत्र बैजू सिंह ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपी और उसके परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने हरिसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

# मौलाना तौकीर रजा की हिरासत 25 तक बढ़ी

**बरेली ( चिंगारी )।** फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में निरुद्ध आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। अदालत ने 14 दिन अतिरिक्त न्यायिक हिरासत मंजूर करते हुए अगली पेशी 25 नवंबर तय कर दी है। मंगलवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जरिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में मौलाना तौकीर रजा सहित 46 अन्य आरोपियों को पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाते हुए अगली सुनवाई 25 नवंबर कर दी। गौरतलब है कि 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद बरेली में कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। बरेली पुलिस ने हालात नियंत्रित करते हुए भीड़ को खदेड़ा था। इसके बाद पुलिस ने करीब 125 नामजद तथा ढाई हजार से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ 12 मुकदमे दर्ज किए थे। इन मामलों में मौलाना तौकीर रजा 7 मुकदमों में नामजद हैं, जबकि अन्य मामलों में भी उनका नाम सामने आया है। फिलहाल वह फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं, जहां से उनकी न्यायिक पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। अदालत ने उनकी हिरासत को बढ़ाते हुए अगली पेशी 25 नवंबर नियत की गई है।

# दिल्ली ब्लास्ट की कड़ी निंदा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** राजधानी दिल्ली में हुए ब्लास्ट की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हादसे में कई लोग घायल हुए, जबकि सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर, अंकित रस्तौगी ने इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कायराना हमले देश की एकता और अखंडता को कमजोर नहीं कर सकते। रस्तौगी ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# रोडवेज ड्राइवरों की कार्यकुशलता बढ़ाने को दिया जायेगा विशेष प्रशिक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने चालकों की कार्यकुशलता और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके चलते बिजनौर डिपो के आठ चालकों को कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान भेजा जा रहा है। यह प्रशिक्षण 17 से 21 नवंबर 25 तक चलेगा।**

बिजनौर डिपो प्रशासन के अनुसार प्रशिक्षण में तीन नियमित और पांच संविदा चालक शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान चालकों को वाहन संचालन की नई तकनीक, सड़क सुरक्षा मानक, डीजल की खपत नियंत्रण और दुर्घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ और मुरादाबाद क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में यह प्रशिक्षण कानपुर में 17 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। सभी डिपो को अपने चालकों की सूची तैयार कर भेजने के निर्देश दिये गये हैं। चयन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रशिक्षण के लिए उन चालकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनसे हाल



ही में फैटल (मौत वाली) या मेजर दुर्घटनाएं हुई हों, जिनकी डीजल खपत अधिक हो या जो नवनियुक्त चालक हों। निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन चालकों ने पिछले दो वर्षों में पहले ही कानपुर प्रशिक्षण संस्थान से सफल प्रशिक्षण प्राप्त किया है और दुर्घटना मुक्त सेवा दी है, उन्हें दोबारा प्रशिक्षण हेतु नहीं भेजा जाएगा।

प्रशिक्षण में भेजे जाने वाले प्रत्येक चालक की कार्यदक्षता और व्यवहार का संक्षिप्त विवरण भी प्रशिक्षण संस्थान को भेजा जाएगा। हाल के महीनों में बिजनौर मंडल में सड़क हादसों की घटनाओं में वृद्धि हुई थी। निगम अब दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए, चालकों को दोबारा प्रशिक्षित कर रहा है। कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में चालकों को सड़क सुरक्षा, वाहन की तकनीकी जानकारी, फ्यूल एफिशिएंसी, ब्रेकिंग सिस्टम, यात्रियों से व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

एआरएम बिजनौर अशोक कुमार का कहना है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम है। इस प्रशिक्षण से सड़क सुरक्षा मानकों में सुधार आएगा और निगम की छवि और मजबूत होगी।

# सेंट मैरीज स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली में अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को चार हाउस लाल, हरा, पीला व नीला में विभाजित करके खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें दौड़, लंबी कूद गोला फेंक, चक्का फेंक, त्रिकूट, बोरा रेस, रिले रेस आदि की प्रतियोगिताएं विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंको के आधार पर हरा हाउस ने 170 अंक प्राप्त करके पहला स्थान, जबकि लाल व नीला हाउस 161 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे, चैथे स्थान पर पीला हाउस रहा। विजेता हरे हाउस के इंचार्ज व विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मार्च पास्ट में पीले हाउस को पहला स्थान मिला। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में फिलिमन व वंशिका चैम्पियन रही। सीनियर वर्ग में जैवियर पॉल, कनक राठी, सब जूनियर वर्ग में इमराना चैम्पियन बनी। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत



में विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी के अलावा उप प्रधानाचार्य सिस्टर शांता मारया, अध्यापक आलोक त्यागी, द्विजेंद्र त्यागी, मुकुल राठी, बीना सिंह, रविकांत वर्मा, मृदुल, राशि त्यागी, शिवम, शैलेश, गजे सिंह, पंकज राठी, स्वाति, खुशी आदि का सहयोग रहा।

# राजमिस्त्री की अचानक हार्ट अटैक से मौत



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरोग्रान निवासी मौ. राशिद (45 वर्ष) मंगलवार को दोपहर मौहल्ला निवासी शमीम अहमद के साथ बीएलओ से गणना फार्म लेने के लिए जा रहा था, इसी दौरान जब वह घर से कुछ दूर पहुंचा अचानक सड़क पर गिर पड़ा, परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। राशिद नमाजी परहेजगार व मिलनसार इंसान था तथा राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार को चलाता था। अचानक हार्ट अटैक से उसकी मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। मौ. राशिद ठेकेदार अब्दुल समी का छोटा भाई था। काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर इस घटना पर दुख जताया।

## रामपाल राठी को पद से हटाया, इकबाल को पुनः जिलाध्यक्ष बनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कुछ महिलाओं की शिकायत के बाद बिजनौर के जिलाध्यक्ष रामपाल राठी को पदमुक्त करते हुए संगठन से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुनः ग्राम किशोरपुर रम्मनवाला निवासी इकबाल पुत्र मौहम्मद नासिर को बिजनौर का मेन बॉडी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## दो सभासदों ने कैम्प लगवाए, गणना फार्म भरवाए

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के दो सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में कैम्प लगवाकर अपने वार्डवासियों के एसआईआर के तहत गणना फार्म वितरण कराने व भरवाने तथा सूचियों में मतदाताओं के नाम तलाश कराने में सहयोग किया। नगर के मौहल्ला रम्पुरा के वार्ड सभासद मौ. अच्छन राईन ने वार्ड में कैम्प का आयोजन कर वार्डवासियों के एसआईआर के तहत 2003 की सूची में नाम देखने तथा गणना फार्म भरवाने में सहयोग किया। उधर नगर के मौहल्ला वाहिदनगर के वार्ड सभासद सिराज अहमद ने अपने वार्ड में कैम्प लगाकर वार्डवासियों को बीएलओ से 1574 गणना फार्म वितरित कराए गए। वार्ड सभासद ने लोगों के 2003 की लिस्ट में मतदाताओं के नाम देखने में मदद करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान भी कराया।

## कैम्प लगाकर जीएसटी की जानकारी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन रोड पर कैम्प लगवाकर व्यापारियों के जीएसटी रजिस्टेऽशन व नम्बरों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों से अपने जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराने व नम्बर लेकर दुकानों के बाहर लगे बोर्डों पर जीएसटी नम्बर लिखे जाने को कहा। नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने जीएसटी अधिकारी से वार्ता कर व्यापारियों को जीएसटी में आ रही समस्याओं का समाधान कराने की अपील की। इस मौके पर मौहम्मद फहीम, रमेश, राजा, मौ. साजिद, मौ. नईम, बाबर, पुत्तन आदि व्यापारी मौजूद रहे।



जीएसटी अधिकारी से बात करते मोनू टाटा।

## व्यापारी नेता ने किया फास्ट फूड रेस्टोरेंट का शुभारंभ



रेस्टोरेंट का शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ।

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने आजाद चौक पर स्थित फास्ट फूड रेस्टोरेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। फास्ट फूड रेस्टोरेंट के स्वामी एजाज अली ने सभी अतिथियों का फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने रेस्टोरेंट के स्वामी को बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, जिला महामंत्री रईस कुरैशी, नगर सचिव धीरज झा, नगर संगठन मंत्री फरहत अली, नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, युवा के नगर अध्यक्ष शेर अली, कोटद्वार रोड शाखा अध्यक्ष असलम अब्बासी, नवाब नजीबुद्दौला शाखा उपाध्यक्ष शिताब खान आदि उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। क्षेत्र के मून प्ले स्कूल में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद व भारत के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विजेता बच्चों नंदिनी, इकरा, जीनत, अवनीश शर्मा, नासिका, सोफिया, सायबरस को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग से महबूब तथा विशिष्ट अतिथि शिक्षक नेता मोबीन हसन ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजन में कौमी उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद तथा जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर शिक्षक आमिर अली को भी सम्मानित किया गया।



सम्मानित किये गये बच्चे पुरस्कार के साथ।



# दिल्ली धमाका : 37 दिन पहले शादी में बना था आतंकियों का ग्रुप

## पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे, कश्मीर में चिपके पोस्टर से नजर में आये

नई दिल्ली (एजेंची/चिंगारी)। दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का नया वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) उजागर हुआ है। इस मॉड्यूल में डॉक्टर, प्रोफेसर और महिला सदस्य शामिल थे, जो पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे। जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क मेडिकल प्रोफेशन और शैक्षणिक संस्थानों की आड़ में काम कर रहा था, और हरियाणा के फरीदाबाद, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा और यूपी के सहारनपुर सहित कई इलाकों से जुड़ा था। इसकी शुरुआत धमाके से 37 दिन पहले 4 अक्टूबर को सहारनपुर में एक शादी से हुई थी। इसके बाद ग्रुप ने फौजियों को धमकाने वाले पोस्टर, हथियार, विस्फोटक और फंडिंग के नेटवर्क तैयार करना शुरू किया।

सुरक्षा एजेंसियों को कश्मीर में 19 अक्टूबर को जैश के पोस्टर दिखने से मॉड्यूल के एक्टिव होने का सुराग मिला। जांच में सामने आया कि नेटवर्क की सबसे अहम महिला सदस्य डॉ. शाहीन सईद थी। वह जैश सरगना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर से जुड़ी थी।



डॉ. मोहम्मद उमर | डॉ. आदिल राठर | डॉ. मुजम्मिल | डॉ. शाहीन | डॉ. सज्जाद | डॉ. अहमद मोइनुद्दीन

### 4 अक्टूबर को एक्टिव हुआ था मॉड्यूल

जांच में पता चला कि यह मॉड्यूल 4 अक्टूबर को एक्टिव हुआ था, जब सहारनपुर में डॉ. आदिल की शादी डॉ. रुकैया से हुई थी। शादी में कुछ 'खास मेहमान' शामिल थे, जिनकी पहचान एजेंसियां कर रही हैं।

शादी के अगले दिन इस मॉड्यूल ने काम शुरू किया। इसका मकसद फौजियों को धमकाने वाले पोस्टर लगाना, हथियारों की सप्लाई और पैसों का इंतजाम करना था। डॉ. आदिल लॉजिस्टिक और फाइनेंशियल चैनल संभालता था। नेटवर्क का प्लान था कि मेडिकल प्रोफेशन की आड़ में फंडिंग और ट्रांसपोर्टेशन चैनल बनाए जाएं।

### पोस्टर से मिला पहला सुराग

जांच की शुरुआत तब हुई जब कश्मीर के नौगाम इलाके में 19 अक्टूबर को जैश के पोस्टर दिखे। पुलिस ने केस दर्ज किया। 27 अक्टूबर को फिर से 25 से ज्यादा पोस्टर लगे। 50 अधिकारियों की टीम ने 60 CCTV कैमरे खंगाले। 31 अक्टूबर को डॉ. आदिल फुटेज में दिखा, जो पोस्टर लगाने वाले इलाकों में घूम रहा था।

फोन सर्विलांस से पता चला कि वह पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क में था। उसकी लोकेशन सहारनपुर मिली और 6 नवंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एके-47, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि फरीदाबाद में पढ़ा रहे डॉ. मुजम्मिल के पास भारी मात्रा में विस्फोटक है। इसके बाद 9 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस फरीदाबाद पहुंची और अगले दिन मुजम्मिल को पकड़ लिया गया।

### दो दोस्त पहले डॉक्टर, फिर आतंकी बने

कश्मीर के पुलवामा जिले के कोइल गांव के दो युवक, डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर नबी, साथ पढ़े और डॉक्टर बने। बाद में दोनों आतंक की राह पर चले। उनके घर सिर्फ 800 मीटर दूर हैं। अब मुजम्मिल अरेस्ट है और उमर धमाके में मारा गया। गांव में उनके परिवार दुखी और सदमे में हैं। उमर के बहनोई ने बताया कि उसने आखिरी बार शुक्रवार दोपहर फोन किया था और कहा था कि चार दिन बाद घर लौटेगा। वहीं गांव वालों का कहना है कि जिन पर हम गर्व करते थे, आज उन्हीं की वजह से हम शर्मिंदा हैं।

### मॉड्यूल की अहम कड़ी थी डॉ. शाहीन सईद

इस नेटवर्क की सबसे अहम सदस्य डॉ. शाहीन सईद है। वह जैश सरगना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर के सीधे संपर्क में थी और महिला आतंकी विंग 'जमात उल मोमिनात' से जुड़ी थी। यह विंग सादिया ने अपने पति यूसुफ अहमद की मौत के बाद बनाई थी। शाहीन को फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार किया गया और श्रीनगर ले जाया गया। शाहीन ने इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया और कानपुर मेडिकल कॉलेज में 7 साल असिस्टेंट प्रोफेसर रही। 2021 में वह नौकरी छोड़कर गायब हो गई थी। वह डॉ. मुजम्मिल के संपर्क में आई, फिर पाकिस्तान के हैंडलर के निर्देश पर महिलाओं को कट्टरपंथ की राह पर लाने लगी।

# सफेद कोट में छुपे मौत के सौदागर!

## डॉ. आदिल से लेकर सबील अहमद तक, मेडिकल प्रोफेशन में घुसपैठ का जिहादी पैटर्न



श्रीनगर (एजेंसी/चिंगारी)। जैश मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगा और फरीदाबाद में आतंक का खतरनाक राज खुला। 2900 किलो विस्फोटक और हथियारों का जखीरा। क्या आप यकीन कर सकते हैं? जिस डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है, वो डॉक्टर देश को लहूलुहान करने की साजिश रच रहे थे। कश्मीर के दो डॉक्टर पहला डॉक्टर अदील जो सहारनपुर से गिरफ्तार हुआ। दूसरा डॉक्टर मुजम्मिल जो कश्मीर घाटी से गिरफ्तार हुआ और जिसने फरीदाबाद में विस्फोटकों का गोदाम बना रखा था और तीसरी एक लेडी डॉक्टर जो लखनऊ से गिरफ्तार हुई जिसकी कार से एके-47बरामद हुई। फरीदाबाद में किराए के कमरे में तबाही का सामान जुटा रखा था। अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद का लॉकर खोला तो उसमें से एक-47 निकली जिसको देख पुलिस भी हैरान रह गई। 7 नवंबर को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से डॉक्टर आदिल अहमद राठर को धर दबोचा। यह डॉक्टर जम्मू कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का नेटवर्क खड़ा करना चाहता था। जीएमसी अस्पताल का इस्तेमाल आतंकियों की मदद और हथियार छिपाने के अड्डे के रूप में कर रहा था। पुलिस को इस पर शक तब हुआ जब उसने श्रीनगर में जैश मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाकर हिंसा फैलाने की साजिश रची थी। पुलिस ने 28 अक्टूबर को मामले में केस दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिनमें डॉक्टर अदील पोस्टर लगाते हुए नजर आया था।

# 'यकीन नहीं होता उमर आतंकी हो सकता है'

## परिवार ने कहा- वो पढ़ाई में डूबा रहता था...आतंक में नहीं

पुलवामा (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के संदिग्ध डॉ. उमर नबी के परिवार ने कहा है कि उन्हें यकीन नहीं होता कि वह किसी आतंकी गतिविधि में शामिल हो सकता है। पुलिस के अनुसार, पुलवामा जिले के कोइल गांव के निवासी डॉ. उमर नबी कथित तौर पर उस ह्युंडई आई 20 कार को चला रहे थे, जिसमें सोमवार शाम धमाका हुआ था। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी। डॉ. उमर की भाभी मुजम्मिला अख्तर ने बताया कि वह बचपन से ही संकोची और पढ़ाई में ध्यान देने वाले व्यक्ति थे। उमर बहुत शांत स्वभाव के थे, ज्यादा दोस्त नहीं बनाते थे और हमेशा पढ़ाई व काम में व्यस्त रहते थे। वह फरीदाबाद के एक कॉलेज में फैकल्टी के तौर पर काम कर रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने फोन कर कहा था कि परीक्षा के कारण व्यस्त हैं और तीन दिन बाद घर लौटेंगे। मुजम्मिला ने कहा, हमने बड़ी मुश्किलों से उन्हें पढ़ाया ताकि वह खुद का और परिवार का सहारा बन सकें। यह सुनकर विश्वास नहीं हो रहा कि वह ऐसे किसी काम में शामिल हो सकते हैं। इस बीच, दिल्ली पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और डिटोनेटर का इस्तेमाल किया गया। पुलिस को शक है कि यह मामला फरीदाबाद में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा हो सकता है, जहां से हाल ही में 2,900 किलो विस्फोटक और ज्वलनशील पदार्थ बरामद किए गए थे। पुलिस ने इस मामले में यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अब इस जांच की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी गई है।



डॉ. उमर के परिजन।

# दिल्ली धमाके के दोषियों को नहीं बख्शेंगे- शाह



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने दो अलग-अलग बैठकें कर अधिकारियों को अहम दिशानिर्देश दिए। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि शाह ने मंगलवार सुबह एक बैठक की अध्यक्षता की। दोपहर में भी एक बैठक बुलाई गई। सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते भी शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्री के सामने विस्फोट के बाद उपजे हालात पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर की सुरक्षा समीक्षा बैठक में भी लगभग वही अधिकारी शामिल हुए।

# बुराइयां दूर कर अच्छे समाज की रचना करें- सैयद मो. मासूम

## किरतपुर में हुआ इजलास-ए-आम



**किरतपुर ( चिंगारी )।** जमीयतुल उलेमा हिन्द ब्लॉक किरतपुर के बैनर तले मंगलवार की रात्रि बाद नमाज ए इशा मंडावर रोड निकट मरकजी जमा मस्जिद छप्पर वाली में एक इजलास ए आम (जलसा) का आयोजित किया गया, जिसमें समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करने का आहान किया गया। जलसे को बतौर चीफ गेस्ट व मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश से तशरीफ़ लाए जमीयत के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी सैयद मोहम्मद मासूम साकिब ने कहा कि आज हमारे समाज में नशाखोरी, दहेज की लानत, नमाज की अदायगी न करना, बिना वजह मोबाइल का इस्तेमाल करना, लड़कियों व औरतों को हिजाब में न रहना तथा एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार न करना, चुगली करना, बुजुर्गों का आदर सत्कार न करना वगैरह लानतें बढ़ती जा रही हैं, जिससे समाज में विपरीत असर पड़ रहा है और इसी कारण बिगाड़ पैदा हो रहे हैं। हमें इन बुराइयों से दूर रहकर एक अच्छे समाज की रचना करनी चाहिए ताकि हमारी आने वाली नस्ले सुधर सकें। जलसे को दिल्ली से तशरीफ़ लाए मुफ्ती अब्दुल रजाक व मुफ्ती इंतजार हुसैन वगैरह ने भी संबोधित किया।

जलसे की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष काजी हारिस अली ने की व सरपरस्ती जिला सदर मौलाना वकील अहमद ने की। हजरत कारी महबूब की तिलावत ए पाक व कारी इम्तियाज अजहर बिजनौरी द्वारा पेश की गई नात ए पाक से जलसे की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मोहम्मद नौमान, मौलाना नसीम, मोहम्मद जम जम, मोहम्मद आबिद, कारी मोहम्मद शहजाद, कारी मोहम्मद उवैस, मुफ्ती मोहम्मद इस्माईल, कारी मोहम्मद सुहेल, कारी नाजिल, कारी फैसल, मोहम्मद यामीन कुरैशी, इकरार कुरैशी नेता, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्लाम, मुफ्ती मोहम्मद अरशद, सलीम अहमद, मौलाना मोहम्मद आसिफ, मौलाना रशीद, हाफिज मोहम्मद शाहिद, मौलाना फहीम, मोहम्मद उस्मान व कारी मोहम्मद सलीम वगैरा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान किया।

# कार में मिली अवैध शराब

## 2304 पव्वों के साथ युवक गिरफ्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक युवक को बड़ी मात्रा में शराब और वाहन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से अवैध शराब के 2304 पव्वे बरामद किये हैं। बताया जा रहा है कि शराब हरियाणा से बिजनौर लाई जा रही थी।

मंगलवार को शहर कोतवाली पुलिस गंगा बैराज बैरियर पर दरोगा तेजवीर सिंह के नेतृत्व में वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक महिन्द्रा एक्सयूवी संख्या-डीएल8सी/एआर-8258 को रोककर तलाशी ली गई तो 48 पेटी शराब बरामद हुई, जिनमें प्रत्येक पेटी में 48 पव्वे थे।

पुलिस ने मौके से अमित कुमार तिवारी पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम पलिया, थाना मनगवां, जिला रीवा (मध्य प्रदेश), हाल निवासी पक्का फाटक वाली रोड, केयर ऑफ मनीष निवासी पानीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में अमित कुमार ने बताया कि वह यह शराब सुभाष निवासी पानीपत, हरियाणा के कहने पर बिजनौर लेकर आया था। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त गाड़ी को सीज कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

# रिजेक्ट कर रहे अर्ली प्रजाति, हनी तोमर ने दी विरोध की पाती



**चांदपुर ( चिंगारी )।** युवा रालोद नेता हनी तोमर ने शुगर मिलों द्वारा अर्ली प्रजाति के गन्ने को रिजेक्ट बताकर किसानों को परेशान किये जाने पर रोष जताते हुए इसको खरीदे जाने की मांग को लेकर गन्ना समिति सचिव को ज्ञापन दिया।

आज सुबह युवा रालोद नेता हनी तोमर नगर स्थित गन्ना समिति कार्यालय पहुंचे तथा समिति के सचिव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि शुगर मिलों के द्वारा जो गन्ना पिछली बार पौधा अर्ली प्रजाति में खरीदा गया था, इस बार उसे रिजेक्ट बताकर शुगर मिलों द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में दो दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान करने की मांग की गई। श्री तोमर ने दोटूक कहा कि किसानों के मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। गन्ना समिति के सचिव ने आश्वासन दिया कि सभी गन्नों की पेढी अर्ली प्रजाति में खरीदी जाएगी।

## निरीक्षक-उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस लाइन से निरीक्षक दलीप कुमार को निरीक्षक अपराध, थाना चांदपुर, निरीक्षक कान्ती प्रसाद शर्मा को निरीक्षक अपराध, थाना किरतपुर, उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद को थाना नगीना देहात, उपनिरीक्षक कैलाश भारती को शहर कोतवाली शहर, उपनिरीक्षक मदनमोहन संत को कंट्रोल रूम, उपनिरीक्षक रोशन लाल को थाना नूरपुर, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार को पुलिस प्रभारी चौकी बेगावाला शहर कोतवाली, उपनिरीक्षक अजय कुमार को थाना चांदपुर, उपनिरीक्षक कलीम मुहम्मद को थाना बढ़ापुर, उपनिरीक्षक राकेश मोहन को थाना नहटौर, उपनिरीक्षक भगवान दास को थाना हल्दौर, उपनिरीक्षक वेदपाल सिंह को थाना नजीबाबाद में तैनात किया है।

# वर्धमान कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस





**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को वर्धमान कालेज बिजनौर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने शिक्षाशास्त्र विभाग के सभी विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और उन्होंने उत्तर दिये। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों से नियमित कक्षाओं में आने का आह्वान किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन में धैर्य और संयम का अत्यधिक महत्व है।

द्वितीय सत्र का प्रारंभ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वन्दना से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुनीता शर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष अध्यापक शिक्षा विभाग डीएवी कालेज मुजफ्फरनगर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने उच्च शिक्षा में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से पी.पी.टी. के माध्यम से बात की। कार्यक्रम में विभाग में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के प्रमाण-पत्र और पुरस्कार भी वितरित किए गए। वित्तीय जागरूकता पर किए गए ऑनलाइन सेमिनार के प्रमाण-पत्र भी दिये गये। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शशिप्रभा, महाविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. जेके विश्वकर्मा, बीएड विभाग से डीन प्रोफेसर एस.के. जोशी, प्रो. धर्मेन्द्र, डा. अनुराधा, डा. टीना, डा. अनुकंपा रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रेशु शर्मा ने किया तथा प्रबंधन मंजू ने किया। कार्यक्रम में अमस, वचन, हुदा, सिदरा, काजल, ऋतु, आस्था, शिल्पी आदि विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय रहा है। रोहित और नकुल ने सारी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने में अत्यंत सहयोग दिया।

# गलत जीवन-शैली से बढ़ रहे हैं गुदा रोग

## बिना ऑप्रेशन संभव है स्थायी इलाज- डॉ. सुधांशु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज के समय में असंतुलित खान-पान, एक जगह बैठे रहने की जीवन शैली व तनाव के चलते गुदा रोग, जैसे- बवासीर, भगदंर व फिशर आम स्वास्थ्य समस्याएं बन गई हैं। इन रोगों से पीड़ित रोगी को अत्याधिक दर्द, जलन और अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इनका सही व स्थायी इलाज अनुभवी और विशेषज्ञता से ही संभव है। इनका सफल चिकित्सा के लिये एक भरोसेमंद नाम है- डॉ. सुधांशु चौधरी का।


डॉ. सुधांशु चौधरी।

मूलत: जनपद बिजनौर के बास्टा के पास ग्राम पिरथोपुर के निवसी डॉ. सुधांशु को अपने गांव की मिट्टी से अत्याधिक लगाव उन्हें बिजनौर जनपद में खींच लाया।। एम.एस. (गुदा रोग विशेषज्ञ) डॉ. सुधांशु वैसे तो नोएडा में प्रैक्टिस करते हैं, लेकिन हफ्ते में दो दिन बृहस्पतिवार को बिजनौर में बैराज रोड स्थित स्वयं के अस्पताल सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर व शुक्रवार को बास्टा में श्री साईं हॉस्पिटल में बवासीर, भगदंर, फिशर, गुदा फोड़ा और अन्य कोलोरेक्टल समस्याओं का सटीक निदान व पर्रामश देते हैं, जिससे क्षेत्र के हजारों रोगियों को अपने ही क्षेत्र में इन रोगों का उचित उपचार मिल रहा है, जिससे उन्हें महानगरों के चक्कर काटने नहीं पड़ रहे हैं। साथ ही उनके समय व पैसों की भी बचत हो रही है। अनुभव और आधुनिक उपचार विधि के लिये विख्यात डॉ. सुधांशु का कहना है नई तकनीक के द्वारा बिना आप्रेशन व बिना चीर-फाड़ के रोगियों का स्थायी इलाज किया जाता है, जिससे यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते। मरीजों से आत्मीयता वाला व्यवहार, साफ सुथरा वातावरण, आधुनिक उपकरण, मेडिकल स्टोर व अनुभवी टीम के साथ मरीजों की सुविधा व भरोसा मिलता है।

### शर्म या भय के कारण इलाज में देरी न करें



**डॉ. सुधांशु चौधरी का कहना है कि उक्त रोगों से ग्रस्त हैं तो किसी भय अथवा शर्म के कारण इलाज में देरी न करें। परामर्श लें और अपने जीवन में फिर से आराम और आत्मविश्वास वापस लायें। असुविधा से बचने के लिये मो. 7302127966, 9411226422 व 9871884104 पर कॉल कर लें।**

**इलाज की विशेषताएं- दर्द रहित इलाज, शीघ्र रिकवरी, बिना आप्रेशन/चीर फाड़ के सुरक्षित उपचार, जीवन में दोबारा नहीं होती।**

## इसे तुरंत रिहा करो... निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली बरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। 2006 के निठारी सीरियल हत्याकांड मामले में एक अहम घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया और उसकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने निर्देश दिया कि अगर कोली किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। आदेश सुनाते हुए, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि कोली को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। अदालत ने कहा कि सुधारात्मक याचिका स्वीकार की जाती है। याचिकाकर्ता को आरोपों से बरी किया जाता है। याचिकाकर्ता को तत्काल रिहा किया जाए। इसके साथ ही निठारी मामले में कोली की 19 साल लंबी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। सर्वोच्च न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव पिटीशन को स्वीकार कर लिया, जिसमें 2011 के सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें निठारी कांड के एक मामले में उसकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया था। कोली की अपील 12 अन्य मामलों में उसके बाद के बरी होने के आधार पर थी, जिसमें उसने तर्क दिया था कि उसे पहले दोषी ठहराने के लिए इस्तेमाल किए गए सबूतों को बाद में उन कार्यवाहियों में अविश्वसनीय माना गया था।**

## भाकियू टिकैत ने कुनबा बढ़ाया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक बैठक कोकिल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओमकार सिंह व संचालन सुधीर शर्मा ने किया। बैठक में चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसानों, मजदूरों व पीड़ित लोगों की लड़ाई लड़कर उन्हें न्याय दिलाना है। भाकियू किसी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने

संगठन को मजबूत करने के लिए अमित कुमार, महेश कुमार शर्मा, हर्ष भारद्वाज, मौहम्मद इसराईल आदि को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, समरपाल सिंह, गौतम सिंह आदि उपस्थित रहे।


भाकियू की बैठक में सदस्यता ग्रहण कराई।

# बिहार एक्जिट पोल में राजग की जीत का अनुमान

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** बिहार विधानसभा चुनाव में रिकार्ड मतदान के बाद आये एक्जिट पोल के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) स्पष्ट बहुमत के साथ पुन: सत्ता में लौटता नजर आ रहा है। अगर ये नतीजे वास्तविक परिणाम में बदलते हैं तो राजग की स्थिति नयी विधानसभा में पहले से बेहतर हो सकती है।

चुनाव के वास्तविक 14 नवंबर को मतगणना के बाद सामने आयेंगे।

दूसरे चरण के मतदान के ठीक बाद मंगलवार को विभिन्न टीवी समाचार चैनलों पर प्रसारित आठ सर्वे कंपनियों द्वारा अलग-अलग जारी एक्जिट पोल के सभी अनुमानों में सत्तारूढ़ राजग अच्छे अंतर के साथ जीत दर्ज करने जा रहा है। इन अनुमानों में राजग को 130 से 167 सीटों पर जीतता दिखाया जा रहा है।

कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को 70 से 108 सीटों पर आगे दिखाया जा रहा है। इस चुनाव में बड़े जोर-शोर से मैदान में उतरी राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को शून्य से 5 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।



मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के विवाद की पृष्ठभूमि में हुए इस चुनाव में कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान हुआ। इसमें मतदाताओं ने हिस्सेदारी का नया रिकार्ड बनाया। पहले चरण में 121 सीटों पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि दूसरे चरण में कल 122 सीटों पर 68.76 प्रतिशत वोट पड़े। इस बार दोनों चरणों में रिकार्ड मतदान हुआ।

एक्जिट पोल एजेंसी पीपुल्स इनसाइट ने राजग को 133-148 सीटें दी हैं, जबकि महागठबंधन को 87 से 102 सीटों पर जीतता हुआ दिखाया है।

चाणक्य स्ट्रेटजीज के सर्वे में राजग को 130-138 और महागठबंधन को 100-198 सीटें दी गयी हैं। जेवीसी ने राजग को 135-150 और विपक्षी महागठबंधन को 88-130 सीटें, पीमार्क ने राजग को 142-162 और महागबंधन को 80-98 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। मैट्राइज के एक्जिट पोल के अनुमानों के अनुसार सत्तारूढ़ राजग को 147-167 सीटें मिल सकती हैं और महागठबंधन की सीटों की संख्या 70 से 90 के बीच रहने का अनुमान है। डीबी रिसर्च ने राजग को 137-152 और महागठबंधन को 83-98 सीटें दी हैं। उसके सर्वे में प्रशांत किशोर की पार्टी को 2-4 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

दैनिक भाष्कर के एक्जिट पोल में अनुमान है कि राजग को 145-160 और महागठबंधन को 73-91 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल्स पल्स ने राजग को 133 से 159 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। उसके सर्वे में महागठबंधन की सीटों की संख्या 75 से 101 बीच बतायी गयी है।

इससे पहले 2020 में हुए कांटे के चुनाव में राजग को 37.26 प्रतिशत मत के साथ 125 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि महागठबंधन को 37.23 प्रतिशत मत के साथ 110 सीटों पर सफलता मिली थी।

# नहटौर रेलवे फाटक पर हो रहा मरम्मत का काम इसलिए जैतरा फाटक पर लग रहा भारी जाम

## 15 तक बंद रहेगा नहटौर फाटक

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर रेलवे फाटक पर मरम्मत का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया है। यह कार्य आगामी 15 नवंबर तक चलेगा। 15 नवंबर को शाम छह बजे तक फाटक बंद रहेगा। फाटक पर स्लीपर बदलने और रोड की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार से पहले फाटक बंद होने और अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी ना होने पर लोगों को परेशान होना पडा। हालांकि रेलवे की ओर से इसके लिए गेट पर सूचना चस्पा की गई है।

लोगों को अधिक जानकारी ना होने के चलते मंगलवार को बहुत से लोगों को वहां से लौटकर जैतरा रेलवे फाटक से होकर जाना पड़ा, जिस कारण जैतरा रेलवे फाटक पर काफी लंबा जाम लग गया और कई ई रिक्शा चालक सवारी उतारकर वापस चले गए । यह रेलवे फाटक नगर में रोडवेज व स्टेशन की ओर से नहटौर रोड, एसडीएम व सीओ कार्यालय, तहसील परिसार, बिजली विभाग आदि को जाने वाले मुख्य मार्ग है। रोजाना हजारों लोग यहां से गुजरते हैं। फाटक बंद होने पर लोगों को नगीना चौराहा से होकर ओवर ब्रिज से नहटौर रोड, गांव जैतरा और एसडीएम कार्यालय व तहसील जाना पड़ा। हालांकि साइकिल सवार और पैदल यात्री तो गेट पार करके यहां से निकलते रहे।



मरम्मत के कारण बंद पड़ा हुआ रेलवे फाटक।

# रिश्तेदारी में गया परिवार, चोरों ने किया माल पार

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत जैतरा की हाईडिल कालोनी में चोरों ने एक बंद मकान में लाखों रुपए सामान की चोरी कर ली। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। धामपुर की हाईडिल कालोनी निवासी हेमराज सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह ने बताया कि वह सोमवार को अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में शहर से बाहर गए थे। मंगलवार सुबह घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला व कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के मुताबिक चोर घर में से एलईडी, दो सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने लगभग दो लाख रुपए की चोरी होना बताया है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



हाइडिल कॉलोनी में बंद पड़े मकान में हुई चोरी।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर अधमरा किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती गांव जैतरा में कुछ लोगों ने एक श्रमिक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि मजदूरी के रुपए मांगने पर युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। पीड़ित की मां ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव जैतरा निवासी गौतम कुमार मजदूरी कर अपने जीवन की गुजर बसर करता है।उसकी मां सरोज देवी के मुताबिक सोमवार रात लगभग आठ बजे बेटा गौतम गांव में ही कुछ लोगों से अपनी मजदूरी के रुपए मांगने गया था। लेकिन रात तक घर नहीं लौटा । जब उसे तलाश करते हुए देर रात वह गांव के एक व्यक्ति के घर पहुंची, तो उसका बेटा गंभीर रूप से घायल बेहोशी की हालत में मिला। महिला व परिजनों ने आरोपी से इस बारे में पूछा तो उनके साथ भी अभद्रता व गाली गलौच की गई। जिसके बाद वह गौतम को लेकर सीएचसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मां सरोज देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ अभय कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम 13 को

**गंज ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर गंज के प्रधानाचार्य प्रदीप बिश्नोई ने प्रेस नोट जारी करके अवगत कराया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर विद्या भारती द्वारा पूरे देश में जगह-जगह सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम मनाया जाना है, जिसके तहत सरस्वती विद्या मंदिर गंज में 13 नवंबर 2025 दिन बृहस्पतिवार को विद्यालय में 11 बजे धूमधाम से यह कार्यक्रम मनाया जएगा, जिसमें महिलाओं के अंदर विशेष सात शक्तियों तथा देशहित की भावना पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चांदपुर निवासी श्रीमती अर्चना वर्मा तथा मुख्य अतिथि राशि अग्रवाल होंगी।

# छात्रों को अग्निवीर वायु भर्ती सम्बंधी जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को द्वितीय वायुसैनिक चयन केंद्र, वायुसेना मुख्यालय, दिल्ली द्वारा अग्निवीर वायु भर्ती के संदर्भ में एक दिवसीय भर्ती प्रक्रिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि वायुसेना मुख्यालय दिल्ली से आए सार्जेंट बी एम उपाध्याय और सार्जेंट राकेश कुमार सारण ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में चयन प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराते हुए अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवश्यक मानकों जैसे कि शारीरिक मापदंड और शैक्षणिक योग्यता के बारे में बताया। साथ ही भर्ती के बाद मिलने वाले लाभ और 4 साल के बाद अन्य विभाग में मिलने वाले आरक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों से अग्निवीर के रुप में सेना में भर्ती होकर देशसेवा में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यशाला में विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, भूपेंद्र सिंह और रोहित बलोदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बढ़ते कोहरे के मद्देनजर, सजग रहें गन्ना वाहन ड्राइवर



गन्ना वाहन चालकों को जागरुक करते सीओ।

## शुगर मिल में वाहन चालकों व ट्रांसपोर्टर्स की हुई बैठक

**धामपुर ( चिंगारी )।** मिल का गन्ना पेराई सत्र शुरू होने के बाद गन्ने के वाहन चालकों को जागरुक करने के लिए शुगर मिल परिसर में हुई बैठक में चालकों के अलावा ट्रांसपोर्टर व मिल स्टाफ भी मौजूद रहा। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने चालकों को नियमों के प्रति जागरुक किया। सीओ ने कहा कि पेराई सत्र शुरू होते ही बड़ी संख्या में गन्ना वाहन चलते हैं, साथ ही सर्दियों में कोहरा होने के चलते कई बार हादसे भी होते हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्टर व वाहन चालक स्वयं ही यातयात नियमों के प्रति गंभीरता बरतें। वाहनों पर रिफलेक्टर, लाल कपड़ा अवश्य लगायें। इससे ना केवल वह स्वयं हादसों से बच सकते हैं, जबकि दूसरे वाहन चालक कोहरे में रिफलेक्टर व लाल कपड़े से गन्ना वाहन के प्रति सजग हो जाते हैं, जिससे हादसा नहीं होता है। इसके अलावा शराब पीकर वाहन ना चलाएं और निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं। इसके अलावा चालकों व कर्मियों के लिए पीएचसी धामपुर की मदद से नेत्र चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। इस दौरान सीओ अभय कुमार पांडेय, मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता, कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार, चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, आदि मौजूद रहे।

# उलेढा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल उलेढा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चांदपुर की आचार्या अर्चना ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र का सबसे बड़ा संगठन है, 100 वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के उपलक्ष में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम मनाया जा रहा है। महिला ही परिवार को बनाती है। शिक्षित महिला परिवार समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान करती है, इसलिए सभी महिलाएं अपना एक संगठन और समूह बनाकर समाज की महिलाओं को शिक्षा संस्कार और संस्कृति के प्रति जागरूक करें। उन्होंने हिंदी के पढ़ने-पढ़ाने का आह्वान करते हुए परिवार में सभी बुजुर्गों का सम्मान करने पर जोर दिया। सरस्वती शिशु मंदिर गंज की आचार्या उपासना ने बताया कि भारतीय नारी एक शक्ति ही नहीं वह चेतन स्वरूप होती है। मातृत्व शक्ति के जागरूक होने से धर्म और संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन हो जाता है। उन्होंने जल संरक्षण वायु प्रदूषण मां गंगा की शुद्धि आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



कार्यक्रम को आदर्श विद्या मंदिर पीपली जट की आचार्या कुंता देवी, पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुषमा गुप्ता आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। उत्साहित महिला अभिभावकों ने सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। इससे पूर्व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंचासीन अतिथियों को पटका और बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान, प्रबंधक मा. अजीत सिंह, संरक्षक अजय अमीन, छितावर से प्रधानाचार्य महिपाल सिंह, मुबारकपुर से प्रधानाचार्य सुनील कुमार, पीपली जट से प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार के अलावा शोभा देवी, रेणु देवी, इंदू सिसोदिया, रीनू देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीला देवी ने की, जबकि सफल संचालन आचार्या बहन सुषमा द्वारा किया गया।

# नजीबाबाद में हुई चोरी का खुलासा, 6 करोड़ की रिकवरी

## कई महिलाओं सहित 7 गिरफ्तार
## पकड़े गये सभी चोर आपस में रिश्तेदार

## एक बदमाश के मुठभेड़ में पकड़े जाने के बाद अन्य सभी के पकड़े जाने का दावा

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नजीबाबाद में हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा कर करीब 6 करोड़ रुपये के माल की बरामदगी की है। पुलिस इस बड़ी घटना का खुलासा करने के लिये पिछले डेढ़ माह से दिन-रात मेहनत कर रही थी। पुलिस ने घटना में शामिल कई महिलाओं सहित 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दो अभी फरार हैं, जिन्हें तलाश किया जा रहा है। पकड़े गये सभी बदमाश आपस में रिश्तेदार हैं।



पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी अभिषेक झा ने खुलासे की जानकारी देते हुए बताया कि 27/28 सितम्बर की रात को नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित योगेश कुमार की बर्तनों की दुकान से करोड़ों रुपये का सोने-चांदी का सामान व ढाई लाख रुपये चोरी हो गये थे। घटना से पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया था। चोरी की ये सनसनीखेज घटना पुलिस के लिये चुनौती बन गई थी। एसपी अभिषेक झा ने घटना के खुलासे के लिये स्वाट एवं सर्विलांस टीम सहित पुलिस की कई टीमों का गठन किया था। पुलिस दिन रात खुलासे के लिये मेहनत कर रही थी। एसपी अभिषेक झा के अनुसार आज सुबह स्वाट/सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चौक बाजार में बर्तनों की दुकान में हुई चोरी की घटना में शामिल बदमाश पूरनपुर रोड के पास नवनिर्मित कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में छुपा बैठा है। उसने अपने साथियों से अपने हिस्से का सामान लिया है और वह देहरादून की जाने की फिराक में है। एसपी के अनुसार स्वाट/सर्विलांस टीम व नजीबाबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। खुद को पुलिस से घिरा देख उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बायें पैर में गोली लग गई और वह लड़खड़ाकर गिर गया। पुलिस ने उसे घायल अवसस्था में दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गये बदमाश ने अपना नाम शुऐब पुत्र जफर खां निवासी मोहल्ला मछली बाजार नजीबाबाद बताया। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक सोने की ईंट, 3 सोने के टुकड़े, पासपोर्ट, 800 रुपये, एक तमंचा बरामद हुआ। शुऐब ने पुलिस को चोरी में शामिल अपने सभी साथियों फराज पुत्र जफर अली, राबिया उर्फ चांदो पत्नी जफर अली, जफर अली पुत्र हसमत अली निवासीगण मोहल्ला सबनीग्रान नजीबाबाद, शहाना पत्नी मोहम्मद सलीम निवासी भगत सिंह कॉलोनी देहरादून, रावेद पुत्र शौकत अली निवासी नई बस्ती नजीबाबाद, आसिया पत्नी फुरकान निवासी मोहल्ला काजीपाड़ा, बिजनौर, खुर्शीदा पुत्री जफर खां निवासी मछली बाजार नजीबाबाद, जैबा पुत्री इकबाल निवासी मछली बाजार नजीबाबाद के नाम बताये। पुलिस ने इनमें से 6 को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फराज पुत्र जफर अली व जैबा पुत्री इकबाल अभी फरार हैं। पुलिस इन्हें तलाश कर रही है। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों से सोने-चांदी के निर्मित, अद्धनिर्मित आभूषण/सामान जिसकी कीमत करीब 6 करोड़ रुपये है बरामद हुआ है। फरार अभियुक्तों के पकड़े जाने पर और भी रिकवरी होने की संभावना है।

### चोरी में शामिल सभी लोग आपस में रिश्तेदार

एसपी अभिषेक ने बताया कि चोरी में शामिल सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। चोरी के बाद इन लोगों ने चुराया गया माल आपस में बांट लिया था। सबके हिस्से फिक्स हो गये थे। धीरे-धीरे ये लोग चुराये गये माल को ठिकाने लगा रहे थे।

### ऐसे बनाई थी चोरी की योजना

एसपी अभिषेक झा ने बताया कि पकड़े गये शुऐब ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उसकी मौसी राबिया उर्फ चांदो व मौसा जफर खान निवासी सबनीग्रान नजीबाबाद अक्सर चौक बाजार में योगेश लाला की दुकान पर बर्तन खरीदने एवं गहने गिरवी रखने जाया करते थे। उन्होंने ही उसे तथा उसके मौसेरे भाई फराज पुत्र जफर अली को उक्त दुकान में काफी माल व जेवरात होने की जानकारी दी थी। बाद में चोरी में शामिल सब लोगों ने बैठकर चोरी की बाकायदा योजना बनाई थी।



### घटना के बाद कैसे हुआ बंटवारा

**पूछताछ में शुऐब ने पुलिस को बताया कि 27/28 सितम्बर की रात्रि में वह व उसका मौसेरे भाई फराज छत के रास्ते योगेश लाला की दुकान में घुसे। ताला तोड़कर तिजोरी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी समेटी। चोरी किये गये आभूषणों को उन्होंने छिपा दिया और रुपयो को आपस में बांट लिया था। शुऐब ने यह भी बताया कि उसने जफर अली व फराज की मां राबिया अपनी मौसी शहाना निवासी देहरादून व मौसा रावेद, मौसी आसिया व अपनी मां खुर्शीदा एवं अपने ताऊ की लड़की जैबा के साथ मिलकर फराज के घर पर चोरी के माल को आपस में बांटा था।**

### डीजीपी ने दिया ईनाम

**पुलिस की इस बड़ी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने घटना के खुलासे में शामिल पुलिस टीम को 50 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। एसपी अभिषेक झा ने भी खुलासे में शामिल पुलिस टीम की पीठ थपथपाते हुए अपनी ओर से 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।**

# लाल किला धमाके का फरीदाबाद और लखनऊ कनेक्शन

## परवेज अंसारी के घर से मिली संदिग्ध कार

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली के लाल किला धमाके और फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल की जांच में अब लखनऊ का नाम सामने आया है। यूपी एटीएस को जांच के दौरान लखनऊ निवासी डॉक्टर परवेज़ अंसारी से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। परवेज़ के घर के बाहर खड़ी कार शोएब के नाम पर दर्ज पाई गई है, जिसका नंबर UP 11 BD 3563 है। यह कार सहारनपुर आरटीओ से रजिस्टर्ड है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, जांच में अब तक दो संदिग्ध कारें सामने आई हैं। दोनों का रजिस्ट्रेशन सहारनपुर का है। इन गाड़ियों का सीधा संबंध परवेज़ अंसारी से जुड़ा पाया गया है। यह बात जांच एजेंसियों के लिए अहम है, क्योंकि पहले फरीदाबाद मॉड्यूल में गिरफ्तार डॉक्टर आदिल भी सहारनपुर का ही रहने वाला था। अब एक ही जिले से दो संदिग्ध डॉक्टरों के नाम सामने आने से जांच का दायरा और बढ़ गया है। फरीदाबाद में बरामद हथियार जिस गाड़ी से मिले थे, वह गाड़ी भी लखनऊ निवासी परवेज़ अंसारी के नाम पर रजिस्टर्ड थी। इसी सुराग के आधार पर एटीएस की टीम लखनऊ पहुंची और पूछताछ की। टीम ने लालबाग इलाके में छापा मारा और परिवार से पूछताछ की। परवेज फिलहाल फरार चल रहा है।

# ख़तरा बनकर सड़कों पर दौड़ रहे जुगाड़ वाहन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर व ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पुरानी मोटरसाइकिलों को तीन पहियों की ठेलियों में बदलकर भारी-भरकम सामान ढोने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। ये वाहन कभी सिलेंडर, तो कभी सरियों के बंडल या अन्य भारी सामान भरकर सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। हालांकि इससे लोगों को भारी सामान लाने-ले जाने में सुविधा जरूर हो गई है, लेकिन इनका ओवरलोड चलना हादसों को न्यौता दे रहा है। कई बार ठेलियों में इतना अधिक सामान भर लिया जाता है कि सरिए और बंडल बाहर निकलकर सड़क पर लटकते रहते हैं, जिससे राहगीरों को गंभीर खतरा बना रहता है। इसके अलावा, ऐसी अधिकांश ठेलियां पुरानी मोटरसाइकिलों के इंजनों पर चल रही हैं जो अब धुआं छोड़ने लगी हैं, इससे वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन वाहनों पर न तो किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नंबर होता है और न ही कोई सुरक्षा मानक। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग की ओर से इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे असुरक्षित वाहनों पर जल्द से जल्द रोक लगाई जाए, ताकि सड़क हादसों और प्रदूषण दोनों से राहत मिल सके।

# एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। करीब एक सप्ताह पूर्व कस्बे के मोहल्ला रामनगर स्थित निजी चिकित्सक रामपाल सिंह के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक लाख की नकदी व करीब दस तोले सोने के आभूषण और एक लैपटॉप चोरी कर लिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिकित्सक की तहरीर पर पड़ोस के ही रहने वाले युवक सौर्य उर्फ नानू पुत्र दिनेश के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फ़रार चल रहा था। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसआई श्रीकांत सत्यार्थी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी के पास से चोरी किया गया लैपटॉप भी बरामद कर लिया। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने चालान की पुष्टि की है।



# कार्यालय- जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर।

पत्रांक C1370 / जि. का.अ. / सहायिका चयन / 2025-26/ दिनांकः 11-11. 2025

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-2025/3313/58-1-2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 क्रम मे जनपद बिजनौर में बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार विभाग के अर्न्तगत संचालित 13 बाल विकास परियोजनाओं मे मानदेय आधारित सहायिकाओं के रिक्त कुल 1016 पदों पर महिला अभ्यर्थियों से तत्सम्बन्धित पोर्टल http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। सहायिकाओं के रिक्त पदों का विकास खण्डवार विवरण निम्नवत है-

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण / शहरी | सहायिकाओं के रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | शहर बिजनौर | शहरी | 35 |
| 2. | मौ0पुर देवमल | ग्रामीण | 71 |
| 3. | हल्दौर | ग्रामीण | 64 |
| 4. | खारी झालू | ग्रामीण | 74 |
| 5. | जलीलपुर | ग्रामीण | 84 |
| 6. | नूरपुर | ग्रामीण | 135 |
| 7. | अफजलगढ़ | ग्रामीण | 91 |
| 8. | स्योहारा | ग्रामीण | 46 |
| 9. | धामपुर | ग्रामीण | 89 |
| 10. | नहटौर | ग्रामीण | 61 |
| 11. | किरतपुर | ग्रामीण | 63 |
| 12. | नजीबाबाद | ग्रामीण | 108 |
| 13. | कोतवाली | ग्रामीण | 95 |
| | कुल योग | | 1016 |

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/वार्डवार विवरण, आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, विकास खण्ड, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय एंव अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**चयन हेतु पात्रता/अर्हता एंव ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध मे निर्देशः-**

01-सहायिका के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होना अनिवार्य है।

02-आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

03-आवेदिका की आयु 01 जुलाई 2025 को 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

04-विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05-12-2025 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी। विज्ञापित पदों हेतु केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नही होंगे।

05-आय प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध मे उ0प्र0 शासन के राजस्व अनुभाग-9 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0-3959/1-9-11-राज0-9, दिनांक 30-09-2021 (यथा संशोधित) के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाईन सत्यापन सम्भव हों।

06-गरीबी रेखा की आय सीमा का पुर्ननिर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के शासनादेश सं0-22/2015/2123/26-2-2015, दिनांकः 14 सितम्बर 2015 (यथा संशोधित) द्वारा ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्र में गरीबी रेखा हेतु निर्धारित आय सीमा (ग्रामीण क्षेत्र में रू0-46,080/- एंव शहरी क्षेत्र में रू0-56,460/-वार्षिक) का अनुपालन किया जायेगा।

07-विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र एंव परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।

08-तलाकशुदा / परित्यक्ता के सम्बन्ध मे मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

09-एक आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के पद पर नही की जायेंगी।

**( विमल कुमार चौबे )**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**बिजनौर**

# उत्तराखण्ड स्थापना की रजत जयंती पर 200 राज्य आंदोलनकारी सम्मानित

## यह सम्मान आन्दोलनकारियों में नई ऊर्जा का संचार करेगा : अनीता ममगाई



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ऋषिकेश में राज्य आंदोलनकारियों को भव्य रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह बीटीसी परिसर स्थित उत्तराखंड राज्य निर्माण शहीद स्मारक के हॉल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ऋषिकेश की पूर्व महापौर अनीता ममगाई रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 200 राज्य आंदोलनकारियों को एक-एक करके शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अनीता ममगाई ने शहीदों को नमन किया तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्मरण करते हुए कहा कि अटल जी ने अलग राज्य ही नहीं दिया बल्कि यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए विशेष राज्य का दर्जा भी दिया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती के अवसर पर मिला यह सम्मान उनके लिए एक नई ऊर्जा का काम करेगा, जो उन्हें भविष्य में राज्य के विकास के लिए लाभकारी साबित होने वाली दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। पूर्व महापौर अनीता ममगाई ने इस अवसर पर कहा कि सम्मान कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य हित से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये हैं। उन्होंने इन सुझावों को राज्य हित में बेहतर बताया और आश्वासन दिया कि इन सभी विचारों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी संगठन के अध्यक्ष डी एस गोसाई, उषा रावत, गंभीर मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, विक्रम भंडारी, राजेंद्र कोठारी, प्रेम सिंह रावत, विशंभर दत्त डोभाल, यादवीर सिंह चौहान, दिगंबर सिंह नेगी, पीतांबर दत्त, कुसुम लता शर्मा, रविंद्र कौर, जय डोभाल, अंजू गैरोला, बृजेश गोपाल, राजकुमारी जुगलान, सुमिता ममगाई, सरोजनी रावत, राम उनियाल, विद्या तिवाड़ी, चंद्रमा भट्ट, सरोजिनी रावत, पदमा रावत, कृष्णा देवी, कमल बिष्ट, भवानी रावत, प्रमिला रमोला, शकुंतला कोठारी, पदमा रावत, गुड्डी डबराल, वीर कोठारी, सुशीला पोखरियाल, रोशनी शर्मा, यशोदा नेगी, पुष्पा शर्मा, किरण गोसाई, उर्मिला डबराल, सुशीला कंडवाल, रामेश्वरी रावत, लक्ष्मी पुंडीर, जानकी गोसाई, गंगा लिंगवाल, विनोद लखेरा, दिगंबर सिंह नेगी, हरिप्रसाद, वेद प्रकाश भारद्वाज, विरोजनी भट्ट, कमला पोखरियाल आदि उपस्थित रहे ।

# नहीं रहे 'टेगू भाई'

## 66 साल की उम्र में दिल्ली में निधन



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हंस फाउंडेशन के उत्तराखंड व हिमाचल प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट 'टेगू भाई' का आज दिल्ली में निधन हो गया, वे 66 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से उत्तराखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कल गुरुवार को हरिद्वार में होगा।

श्री बिष्ट लंबे समय से हंस फाउंडेशन से जुड़े हुए थे। उनके प्रयासों से उत्तराखंड में हजारों बच्चों को एजुकेशन के लिए तथा गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों को उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही थी। विभिन्न संगठनों की ओर से उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, दुबई के उद्योगपति चंद मौला बख्श, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशीष बलोधी, लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व प्रमुख सुमन कोटनाला, कांग्रेस नेत्री रंजना रावत, संजय मित्तल समेत अनेक संगठन से जुड़े नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# एसजीआरआर स्कूल लालपानी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता प्रारंभ

## पहले दिन दौड़ एवं कबड्डी प्रतियोगिता हुई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सनेह क्षेत्र के लालपानी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में मंगलवार से विद्यालय की शरदकालीन वार्षिक खेल प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। प्रतियोगिता के पहले दिन दौड़ और कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का आरंभ प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात चारों सदनों ने मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्री प्राइमरी वर्ग की 50 मीटर रेस में विदिका प्रथम, दिव्यांश द्वितीय तथा आराध्या तृतीय स्थान पर रहे, वहीं प्राइमरी वर्ग 50 मीटर रेस के बालिका वर्ग में आवर्ती, आकृति चौहान, तथा अवनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में अयांश ने प्रथम, अंकित गुसाईं ने द्वितीय और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस बालिका वर्ग में अनुश्री पहले, परिधि दूसरे और सान्वी रावत तीसरे स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग में नीरज बजेटा, अथर्व नेगी व रौनक नेगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे । कबड्डी जूनियर के बालिका वर्ग में आर्यभट सदन अव्वल रहा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# दिल्ली विस्फोट में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

## कांग्रेस कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के समीप हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विस्फोट करने में शामिल षडयंत्रकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में अध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि विस्फोट उस समय हुआ जब वहां से बड़ी संख्या में लोग आवागमन कर रहे थे। कहा कि विस्फोट में कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हुये। मौके पर वक्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि मंत्री तो कड़े सुरक्षा घेरे में चलते हैं, वहीं आमजन की जान की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। मौके पर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और विस्फोट में शामिल षडयंत्रकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। शोक व्यक्त करने वालों में गोपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, रंजना रावत, लक्ष्मी चौहान, प्रेम सिंह पयाल और रमेश खंतवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

## चिकित्सक अभी भी लिख रहे हैं बाहर की दवाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लगातार शिकायत के बाद भी राजकीय बेस चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर विश्व कल्याण सेवा संस्था ने नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि प्रदेश सरकार को व्यवस्था में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। चिकित्सक अभी भी मरीजों के पर्चे पर बाहर की दवाएं लिख रहे हैं।

इस संबंध में संस्था के मंत्री कमलेश चंद्र की ओर से मंगलवार को तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में बेस अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश चिकित्सक अभी भी बाहर से दवाइयां लिख रहे है, जिससे गरीब लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहा कि ओपीडी में गंभीर बीमारी के सीनियर सिटीजनों को भी घंटो इंतजार करना पड़ता है, एसे में कई बार बुजुर्ग लोग बेहोश भी हो जाते है। कहा कि उन्होंने इस संबंध में विगत दिनों मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया था, लेकिन अभी तक चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बेस चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग की है।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# गंगा आरती में शामिल हुईं अरूणांचल प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन में अद्भुत उत्साह और भक्ति का वातावरण था। इस दिव्यता के बीच अरुणाचल प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, कला, संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्रीमती दासंगलु पुल जी 16 अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ पावन गंगा आरती में सम्मिलित हुईं। पहली बार परमार्थ के तट पर उनकी उपस्थिति ने पूर्वोत्तर भारत और उत्तर भारत के आध्यात्मिक संबंधों को नये आयाम प्रदान किये। इस अवसर पर ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर भी ऐसी ही आरती की शुरुआत करने पर सार्थक चर्चा हुई, ताकि पूर्वोत्तर की इस दिव्य नदी पर भी वही संस्कारों की ज्योति प्रज्वलित हो, जो गंगा तट पर वर्षों से जल रही है। इस दौरान स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने लाल किले के निकट हुए धमाके में मारे गए लोगों के लिये विशेष प्रार्थना की और उनके प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिये विशेष यज्ञ कर प्रार्थना भी की गई।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिली



**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनका पिछले कई दिनों से इसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके चिकित्सक डॉ. प्रतीत समदानी के अनुसार अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वे चिकित्सकीय देखरेख में घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे। डॉक्टर ने पुष्टि की कि उनके परिवार ने मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद उन्हें होम केयर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अटकलों पर टिप्पणी करते हुए पुष्टि की कि उनकी हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।उन्होंने प्रशंसकों से मिली प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और उनके स्वास्थ्य लाभ के दौरान परिवार की निजता बनाए रखने का अनुरोध किया। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने भी

## घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे

धर्मेंद्र की स्थिति के बारे में फैलाई जा रही गलत सूचनाओं की आलोचना की और दोहराया कि उनके बारे में मीडिया में कल जो दिखाया जा रहा था वह निराधार है। सनी देओल की टीम द्वारा जारी एक बयान में पुष्टि की गई है कि उनके पिता पर इलाज का सकारात्मक असर हो रहा है और उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। बयान में उनके पूर्ण स्वस्थ होने की निरंतर प्रार्थना करने का अनुरोध किया गया।

गौरतलब है कि धर्मेंद्र को 10 नवंबर को सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान, सलमान खान, शाहरुख खान , गोविंदा और अमीषा पटेल सहित कई बॉलीवुड हस्तियां उनका हालचाल जानने के लिए अस्पताल गईं।




# रामनगर में जंगल से मिला लापता बुजुर्ग का शव

**रामनगर (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तराखंड में रामनगर के बेलगड़ क्षेत्र के पास जंगल में बुधवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों ने जब शव को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सोहन लाल (75) पुत्र बंशी लाल, निवासी किशनपुर छोई, रामनगर के रूप में हुई है। ऐसा बताया जा रहा है कि सोहन लाल करीब 20 दिन पहले घर से हरिद्वार जाने की बात कहकर निकले थे लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला। परिवार के लोगों ने कई जगह तलाश भी की, मगर उनका कुछ अता-पता नहीं लग सका। बुजुर्ग के पुत्र कृपाल ने बताया कि उनके पिता साधु स्वभाव के थे और अक्सर धार्मिक यात्राओं पर जाते थे, लेकिन इस बार वे लौटकर नहीं आए। कृपाल ने आशंका जताई है कि संभवत वापसी के दौरान किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया होगा, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक का शव बुरी तरह सड़-गला मिला है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत करीब 10 से 15 दिन पहले हुई होगी, फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सहारा शहर में नई विधानसभा बनाने को लेकर योगी की मंजूरी का इंतज़ार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में नई विधानसभा के लिए उपयुक्त स्थल की दो साल से जारी तलाश अब अपने अंतिम चरण में पहुंचती दिख रही है। सरकार की निगाह अब गोमती नगर एक्सटेंशन में स्थित सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन पर है, जिसे सबसे उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द इस संबंध में अंतिम निर्णय ले सकते हैं। शासन से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने सहारा समूह को लीज पर दिए गए सहारा शहर की भूमि का पूर्ण कब्ज़ा ले लिया है और इसे नए विधानसभा परिसर के लिए संभावित स्थल के रूप में गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया जाएगा। सरकारी निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने हाल ही में इस 245 एकड़ जमीन का विस्तृत सर्वेक्षण और माप पूरा कर लिया है। यह जमीन पहले सहारा इंडिया को लीज पर दी गई थी। एलडीए ने दस दिनों में पूरी प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

